RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 220 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 30 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# रूस में भूकंप से कांपी धरती, जापान व अमेरिका में सुनामी का खतरा

## सुनामी के अलर्ट के बाद जापान में दहशत


**नई दिल्ली ( एजेंसी )** रुस के कैमचटका क्षेत्र में खतरनाक भूंकप आया है। इसकी तीव्रता 8.8 मापी गई। भूकंप के दौरान 30 बार जमीन कांपी। भूकंप से हुए नुकसान के बारे में अभी सारी जानकारी सामने नहीं आ पाई है। लेकिन बताया जा रहा है कि कई इमारतें भूकंप में गिरी हैं। कैमचटका रूस का सूदूर पूर्वी इलाका है, जो प्रशांत महासागर की तरफ खुलता है। अब भूकंप के बाद वहां सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है. रूस के साथ-साथ जापान में भी सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार भूकंप समुद्र के नीचे आया, जिसके बाद जापान और अमेरिका की एजेंसियों ने सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है. रूस-जापान के अलावा अमेरिका के कैलिफोर्निया के तट पर भी सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है. कहा जा रहा है कि समुद्र में तीन फीट ऊंची लहरें उठ सकती है. इससे कई इलाकों में तबाही हो सकती है।



सुनामी की चेतावनी के कारण जापान में ट्रेन सेवाएं स्थगित कर दी गईं. लोग स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते नजर आए. ये तस्वीर उत्तरी जापान के इवाते प्रान्त के मियाको में एक स्टेशन की है।

8.8 तीव्रता वाले भूकंप से तबाही की कई तस्वीरें सामने आई हैं. कहीं इमारतें गिर गई हैं तो कहीं द्वीपों से टकराईं सुनामी की लहरें नजर आ रही हैं. रूस के एक किंडरगार्टन की दीवार ढह गई है. गनीमत ये रही कि अंदर कोई बच्चा नहीं था, सभी को समय रहते बाहर निकल गया था. वहीं, जापान के होक्काइडो के कुशिरो में गाड़ियों को ऊंचे स्थान पर ले जाया गया।





रूस के कुरील द्वीप समूह के सेवेरो-कुरीलस्क में समंदर में तेज-तेज लहरें उठती दिखाई दीं. यहां सुनामी की शुरुआत हो गई है. बता दें कि रूस के कामचटका में इसी महीने पांच बार भूकंप आ चुके हैं. चार नवंबर 1952 को कैमचटका में 9 तीव्रता के भूकंप से नुकसान हुआ था।

जापान में कई जगह सुनामी की शुरुआत हो गई. तस्वीर में आप देख सकते हैं कि कैसे विस्थापित लोग समुद्र की ओर देख रहे हैं. ये तस्वीर उत्तरी जापान के मियागी प्रान्त के इशिनोमाकी में हियोरीयामा पर्वत की है।

हवाई के होनोलुलु में सुनामी की चेतावनी के बाद लोग सुरक्षित स्थानों पर जाते नजर आए, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई. बता दें कि जापान में सुनामी के अलर्ट को देखते हुए फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट को खाली करा लिया गया है. 2011 में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद की सुनामी ने फुकुशिमा न्यूक्लियर पावर प्लांट को भारी नुकसान पहुंचाया था।

उत्तरी जापान के होक्काइडो के मुकावा कस्बे में सुमानी से बचने के लिए लोग एक दमकल केंद्र की छत पर शरण लेने को मजबूर हो गए।

# एक्सप्रेसवे पर कैंटर ने मारा ब्रेक कार सवार दो युवकों की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना एक्सप्रेसवे व नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर लापरवाह वाहन चालकों की तेज रफ्तार की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। एक्सप्रेस-वे पर हुए दो दर्दनाक हादसों में तीन लोगों की जान चली गई।

यमुना एक्सप्रेसवे पर तेज गति में चल रहे कैंटर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही कार अनियंत्रित होकर कैंटर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है।




मृतकों में एक युवक गवर्नमेंट कंपटीशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था।

योगेंद्र विहार कॉलोनी कानपुर निवासी शुभम त्रिपाठी ने थाना जेवर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका साला अंकित मिश्रा लखनऊ स्थित अनिरुद्ध भवन हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। अंकित मिश्रा अपने (शेष पृष्ठ-3 पर)

# दोस्त की गोली मारकर हत्या

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र में बीती रात्रि दोस्तों के बीच हुए मामूली विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के परिजनों ने उसके चार दोस्तों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात्रि थाना दादरी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भोगपुर में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस को भोगपुर गांव निवासी राजकमल ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले विवेक, अभिषेक पुत्र मनोज, विजेंद्र पुत्र लख्मी व तपेश पुत्र जीते उसके भाई बब्बल को बीती रात्रि घर से बुलाकर ले गए थे। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि बब्बल की गोली (शेष पृष्ठ-3 पर)




# गौतमबुद्धनगर की पहली महिला डीएम मेधा रूपम ने संभाला पदभार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर में 26वीं जिला अधिकारी तथा पहली महिला जिलाधिकारी के रूप में आज आईएएस अधिकारी मेधा रूपम ने सूरजपुर कलेक्ट्रेट पहुंच कर पदभार ग्रहण कर लिया। उन्हें यहां आईएएस अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के स्थान पर भेजा गया है। मनीष कुमार वर्मा को प्रयागराज का डीएम बनाया गया है।

लगभग दो वर्ष पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहीं आईएएस अधिकारी मेधा रूपम की बतौर जिलाधिकारी यह तीसरी नियुक्ति है। इससे पहले वो हापुड़ और कासगंज की जिलाधिकारी रह चुकी हैं। वर्ष-2014 बैच की आईएएस अधिकारी मेधा रूपम गौतमबुद्धनगर जनपद की पहली महिला जिलाधिकारी हैं।





इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में नवनियुक्त जिलाधिकारी श्रीमती मेधा रूपम ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सरकार की नीतियों खासकर लोक कल्याणकारी नीतियों को लागू करना रहेगा। जनपद के किसानों समेत हर वर्ग की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा तथा विभिन्न विभागों में तैनात अधिकारियों को उनके कार्यों के प्रति जवाबदेही तय की जाएगी।

मेधा रूपम वर्ष-2014 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। मेधा राष्ट्रीय स्तर की (शेष पृष्ठ-3 पर)

# प्रोजेक्ट के निर्माण के पूर्व मजदूरों के रहने के लिए करनी होगी व्यवस्था

- प्राधिकरण का नियोजन विभाग ला रहा है नीति
- अगले बोर्ड बैठक में रखा जाएगा यह एजेंडा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** किसी भी प्रोजेक्ट तथा भवन के निर्माण के पहले काम करने वाले मजदूरों के रहने की व्यवस्था करनी होगी। नोएडा पधिकरण अब यह नियम अनिवार्य करने जा रहा है। आगामी बोर्ड बैठक में भी इस एजेंडे को रखा जाएगा।

प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक किसी हाउसिंग प्रोजेक्ट अथवा भवन निर्माण के दौरान काम करने वाले मजदूर झुग्गियां बनाकर रहते है। इससे कभी भी हादसा हो सकता है। साथ ही आसपास की प्रॉपर्टी मालिकों की शिकायत भी मिलती है। इससे निजात के लिए नोएडा प्राधिकरण एक पॉलिसी बना रहा है। इस पॉलिसी के तहत बिल्डर या ठेकेदार को साइट पर निर्माण शुरू करने से पहले मजदूरों के रहने की पूरी व्यवस्था करनी होगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### पुर्नविकास योजना में होगी महत्वपूर्ण

शहर में जर्जर हो चुकी हाइराइज और लो राइज इमारतों को दोबारा से भव्य रूप दिया जाएगा। प्राधिकरण ने पुनर्विकास नीति लागू की है। इस नीति को नोएडा की बोर्ड ने एप्रूवल दे दिया है। इसके तहत सहमति मिलने पर 30 साल पुरानी इमारतों को दोबारा से बनाया जाएगा। यानी भविष्य में प्लानिंग सेल द्वारा तैयार की जा रही पॉलिसी लेबर के लिए काफी काम आएगी। वो साइट या किसी प्लाट पर अस्थाई कंस्ट्रक्शन में रह सकेंगे और काम कर सकेंगे।

### बिल्डर या ठेकेदार को करना होगा कंस्ट्रक्शन

जिस बिल्डर या ठेकेदार को प्रोजेक्ट बनाना है उसे ही पहले लेबर के रहने के लिए अस्थाई निवास तैयार करने होंगे। वहां कमरों के निर्माण के अलावा पीने के लिए पानी, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था करनी होगी। इसे बनाई जाने वाली पॉलिसी में शामिल किया जाएगा। जिससे लेबर को लाभ मिलेगा साथ मिलने वाली शिकायत भी कम होंगी। प्रजेंटेशन के बाद करीब एक से डेढ़ सप्ताह से इस पॉलिसी पर काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आगामी बोर्ड में इसका प्रस्ताव रखा जा सकता है।

# घर से बिना बताए चली गई तीन किशोरियां

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थानों से तीन किशोरियां अपने घर से बिना बताए चली गईं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर सिग्मा-1 में रहने वाले राकेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 14 जून की सुबह उनकी (17 वर्षीय) बेटी घर से बिना बताए चली गई। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। राकेश के मुताबिक वह अपने स्तर पर अपनी बेटी की तलाश करते रहे लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिली। राकेश की शिकायत पर थाना बीटा-2 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बिसरख क्षेत्र के मिल्क लच्छी गांव में किराए पर रहने वाले विनोद कुमार की (14 वर्षीय) बेटी 30 जून की सुबह घर से बिना बताए चली गई। किशोरी के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह और उनकी पत्नी सुबह काम पर चले गए थे। शाम के समय जब वह वापस लौटे तो उनकी बेटी घर पर नहीं थी। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। थाना जेवर क्षेत्र से भी किशोरी घर से बाजार (शेष पृष्ठ-3 पर)



# गिझोड़ गांव में छात्रा का अपहरण एक घंटे में सकुशल बरामद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गिझोड गांव से एक छात्रा के अपहरण की सूचना मिलने से आज सुबह-सुबह पुलिस महकमें में हड़कंप पहुंच गया। अपहरण की सूचना पर थाना सेक्टर-24 पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महज एक घंटे के भीतर किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में छात्रा के स्कूल में ही पढ़ता था। गलत आचरण के कारण उसे एक साल पहले स्कूल से निकाल दिया गया था। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि गिझोड गांव में स्थित एक स्कूल के बाहर एक युवक अपनी कार लेकर खड़ा हुआ था। कार का दरवाजा खुला हुआ था। सुबह 6:44 पर दो छात्राएं स्कूल की तरफ आ रही थी। कार के पास खड़े युवक ने एक छात्रा को अपनी तरफ बुलाया। छात्रा उसके पास जाकर बात करने लगी। बातचीत के दौरान युवक ने उसे कार में बैठने को कहा। इस पर छात्रा जाने लगी। युवक ने छात्रा की बाजू पकड़कर उसे जबरन कार में बैठा लिया (शेष पृष्ठ-3 पर)



# प्राधिकरण की घेराबंदी करने के लिए जमा हुए किसान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में 81 गांव के किसानों ने नोएडा प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन का ऐलान कर दिया। आज सुबह बड़ी संख्या में किसान किसान सेक्टर-5 हरौला बारात घर पर एकत्रित हुए तथा नोएडा प्राधिकरण पर कूच करने की तैयारी कर रहे थे। बारातघर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जगह-जगह बैरिकेड लगा दिए तथा गेट बंद कर दिए। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तथा पीएसी के जवान तथा दमकल विभाग की गाड़ियां नोएडा प्राधिकरण पर मुस्तैद थीं। खबर लिखे जाने तक किसान नोएडा प्राधिकरण नहीं पहुंच पाए थे।



भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने बताया कि किसानों की आबादी, 10 प्रतिशत के भूखंड ,लगभग 2950 किसानों को किसान (शेष पृष्ठ-3 पर)

# मेट्रो स्टेशन के पास मोबाइल छीना


**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। छलेरा गांव में किराए पर रहने वाले प्रवीण कुमार ने पुलिस से की। शिकायत में बताया कि वह नोएडा की एक कंपनी में काम करता है। 30 मई की रात्रि को वह अपने ऑफिस से ड्यूटी खत्म कर अपने कमरे की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया। उसने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह तेज गति में बाइक चलाते हुए मौके से फरार हो गए। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर उसने जनसुनवाई पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।



# शर्मनाक : बच्ची की आपत्तिजनक फोटो खींचकर की वायरल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र के ग्रीन आर्च सोसाइटी से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। सोसाइटी में पार्क के पास टॉयलेट कर रही (3 वर्षीय) बच्ची की आपत्तिजनक फोटो खींचकर एक व्यक्ति ने उसे सोसायटी के ग्रुप पर वायरल कर दिया। ग्रुप पर वायरल हुई फोटो को सोसायटी में रहने वाले दूसरे व्यक्ति ने बच्ची के पिता को भेज कर उसका मजाक बनाया। बच्ची के पिता ने थाना बिसरख में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रीन आर्च सोसाइटी में रहने वाले प्रमोद (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 27 जुलाई की सुबह अपनी 3 वर्षीय बेटी को सोसाइटी में बने पार्क में घुमाने के लिए ले गए थे। इस दौरान बच्ची को टॉयलेट आने पर वह उन्हें उसे पार्क के किनारे पर ले गया। टॉयलेट करने के बाद वह बच्ची के कपड़े ठीक कर रहा था। इस दौरान सोसायटी में रहने वाले राजीव सिंह ने चोरी से उनकी बेटी की आपत्तिजनक फोटो खींच ली। राजीव सिंह ने खींची गई इस फोटो को सोसायटी के ही एक ग्रुप में शेयर कर दिया। कुछ देर बाद सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत मित्तल ने उक्त आपत्तिजनक फोटो को उनके व्हाट्सएप पर भेज कर उनकी बेटी का मजाक बनाया। प्रशांत मित्तल द्वारा फोटो व्हाट्सएप पर भेजे जाने के बाद उन्हें इस पूरे प्रकरण की जानकारी हुई। प्रमोद ने पुलिस को बताया कि राजीव सिंह व प्रशांत मित्तल की इस हरकत से उन्हें मानसिक परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 66 ई के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# हथियार के साथ बदमाश पकड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-20 पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश आपराधिक घटना को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था।

थाना प्रभारी डी के शुक्ल ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-18 में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर-18 की मल्टी लेवल कार पार्किंग के पास एक बदमाश अवैध हथियार के साथ खड़ा हुआ है। मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने एक युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम राजन उर्फ़ राजेश निवासी ग्राम खाखरा जनपद सिद्धार्थनगर बताया। पकड़ा गया आरोपी हाल में सेक्टर-18 की जेजे कॉलोनी में रह रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में राजन ने बताया कि वह हथियार के बल पर अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# आस्था का अपमान

क्षमा करें, हम आपकी आस्था का अपमान नहीं कर रहे हैं और न ही उसे क्षुद्र मान रहे हैं। आपके मन में किसी भी आराध्य-देव के प्रति आस्था है, लिहाजा आप दर्शन करने मंदिरों और तीर्थ-स्थलों तक जाते हैं। हमारी जिज्ञासा और सवाल ये हैं कि ऐसी तीर्थ-यात्रा, आराध्य-देव के दर्शन 'मौत' में तबदील क्यों हो जाते हैं? भगदड़ के हादसे क्यों होते हैं? आराध्य-देव के मंदिर इतने दुर्गम, दुर्लभ और ऊबड़-खाबड़, संकरे रास्तों के पार ही क्यों स्थित हैं? क्या ईश्वर अपने भक्तों, श्रद्धालुओं की निरंतर परीक्षा लेते रहते हैं? क्या ये मौतें भी इनसान की नियति ही हैं? ये सवाल आपकी आस्था को खंडित करने वाले नहीं हैं। प्रभु तक पहुंचने वाले रास्ते सुगम, सरल, सहज भी हो सकते हैं। अब हरिद्वार के माता मनसा देवी के मंदिर में भगदड़ मची है, जिसमें 8 मासूम, बेगुनाह प्राणियों की मौत हो गई और 30-40 लोग घायल बताए गए हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि 5 घायल 'गंभीर' बताए गए हैं। एक संकरे रास्ते में 200-300 लोगों की भीड़ आपस में ऐसे चिपक गई थी कि सांस लेना दूभर था। ऐसे में ही भगदड़ मची और मौतें हुईं। दरअसल जहां भीड़ अनियंत्रित हो जाती है अथवा भीड़-नियंत्रण का प्रशिक्षण हमारी पुलिस और प्रशासन को प्राप्त नहीं है, उन स्थलों पर भगदड़ के हादसे अपरिहार्य हैं। वह महाराष्ट्र का मांडहर देवी मंदिर (300 मौतें), राजस्थान का चामुंडा देवी मंदिर (224 मौतें), केरल का सबरीमाला मंदिर (106 मौतें), मप्र का रतनगढ़ माता मंदिर (115 मौतें), झारखंड का बैद्यनाथ धाम (11 मौतें), जम्मू का माता वैष्णो देवी मंदिर (12 मौतें), बिहार का बाबा सिद्धनाथ मंदिर (7 मौतें), प्रयागराज महाकुंभ (30 मौतें) और तिरुपति मंदिर, कामाख्या मंदिर, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर आदि की लंबी सूची है। इन मंदिरों में असंख्य लोग अपनी-अपनी आस्था के मद्देनजर जाते हैं, लेकिन अव्यवस्था, अनियंत्रित भीड़, लापरवाह और संवेदनहीन पुलिस के कारण भीड़ में कुचले जाते हैं और जिंदगी पर पूर्णविराम लग जाता है। इन मंदिरों के परिसरों में आराध्य-देव का दैवीय चमत्कार क्यों नहीं होता, ताकि भक्त, श्रद्धालु कमोबेश भगदड़ में फंस कर न मरें। हम उप्र के हाथरस में 2 जुलाई, 2024 को नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ को भूल नहीं सकते, जिसमें 121 लोग मारे गए थे। उनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। क्या बाबा को दंड मिला? हम यही सवाल अन्य भगदड़ों के संदर्भ में कर रहे हैं कि हर हादसे के बाद न्यायिक जांच की घोषणा तो की जाती है, लेकिन कितनी जांचों की रपट सार्वजनिक की गई? कितने दोषी और जवाबदेह चेहरों को जेल में डाला गया? जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक का सिर्फ तबादला किया जा सकता है। उससे अधिक अधिकार सरकार के पास नहीं होते। अफवाह भी एक अपराध है, जो हादसों को जन्म देती है। मनसा देवी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। किंवदंती है कि यहां माता सती का मस्तिष्क गिरा था। माता सती को मां पार्वती का पूर्व जन्म माना जाता है, लिहाजा इस मंदिर की मान्यता बहुत है। दरअसल सवाल व्यवस्था का है। मंदिर का ट्रस्ट मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए का मुआवजा दे सकता है, लेकिन संकरे रास्ते को कॉरिडोर में तबदील नहीं होने देगा। हम श्रद्धालुओं से भी सविनय आग्रह करते हैं कि वे अपनी देखभाल खुद करना सीखें। बच्चों को ऐसे भीड़भाड़ वाले स्थलों पर न लाएं। यह भक्ति का मामला है, न कि आप पर्यटन पर जा रहे हैं। यदि एक संकरे रास्ते पर कई गुना भीड़ देख रहे हैं, तो प्रतीक्षा करें। अवकाश के दिन दर्शन करने मत जाएं। आराध्य-देव के लिए सभी दिन शुभ और समान हैं। जब भीड़ कम हो, तो मंदिर के रास्ते पर कदम बढ़ाएं। यह आस्था और श्रद्धा का भी मामला है। आराध्य-देव घर बैठे भी आपकी आस्था को स्वीकार कर सकते हैं। श्रद्धालु खुद भीड़ का नियंत्रण करना सीख लें।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि घर-घर मंगलमय बधावा बजने लगा, क्योंकि शोभा के मूल भगवान प्रकट हुए हैं। नगर के स्त्री-पुरुषों के झुंड के झुंड जहाँ-तहाँ आनंदमग्न हो रहे हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कैकयसुता सुमित्रा दोऊ। सुंदर सुत जनमत भैं ओऊ॥**
**वह सुख संपति समय समाजा। कहि न सकइ सारद अहिराजा॥**

कैकेयी और सुमित्रा- इन दोनों ने भी सुंदर पुत्रों को जन्म दिया। उस सुख, सम्पत्ति, समय और समाज का वर्णन सरस्वती और सर्पों के राजा शेषजी भी नहीं कर सकते॥

**अवधपुरी सोहइ एहि भाँती। प्रभुहि मिलन आई जनु राती॥**
**देखि भानु जनु मन सकुचानी। तदपि बनी संध्या अनुमानी॥**

अवधपुरी इस प्रकार सुशोभित हो रही है, मानो रात्रि प्रभु से मिलने आई हो और सूर्य को देखकर मानो मन में सकुचा गई हो, परन्तु फिर भी मन में विचार कर वह मानो संध्या बन (कर रह) गई हो॥

**अगर धूप बहु जनु अँधिआरी। उड़इ अबीर मनहुँ अरुनारी॥**
**मंदिर मनि समूह जनु तारा। नृप गृह कलस सो इंदु उदारा॥**

अगर की धूप का बहुत सा धुआँ मानो (संध्या का) अंधकार है और जो अबीर उड़ रहा है, वह उसकी ललाई है। महलों में जो मणियों के समूह हैं, वे मानो तारागण हैं। राज महल का जो कलश है, वही मानो श्रेष्ठ चन्द्रमा है॥

(क्रमशः...)

# मतदाता सूची मामले में देश को गुमराह कर रहा विपक्ष

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पूरा हो चुका है। बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध जारी है। हालांकि विपक्ष के तीखे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं।

वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 23 जून को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के पहले कांग्रेस ने केवल 8586 बीएलए लगाए थे। लेकिन 25 जुलाई को प्रक्रिया समापन के वक्त कांग्रेस के 17549 बीएलए नियुक्त रहे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करने के बावजूद इसके लिए 105 फीसदी बीएलए बढ़ाए।

भाजपा के 53338 बीएलए प्रकिया का हिस्सा बने। राष्ट्रीय जनता दल के 47506 बीएलए प्रक्रिया में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के 36550 बीएलए शामिल हुए। लेफ्ट पार्टियों ने एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत में दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन आखिर तक इन पार्टियों ने भी बीएलए की संख्या बढ़ाई। बिहार में 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बने। किसी तरह की अनियमितता होने पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ता तुरंत अपना विरोध कर सकते हैं, लेकिन अब तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जहां विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत की हो। केवल विपक्ष के नेता ही इस तरह की बात कर सनसनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष का असली चेहरा और चरित्र यही है। वो एक और देशवासियों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को धूमिल करने का कुकृत्य करता है, तो वहीं दूसरी और कानून प्रक्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेता है।

बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया,



***बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है।***

कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। हालांकि देश की राजनीति के लिए यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी राजनीतिक दल ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी हो। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में अनेक बार कुछ राजनीतिक दलों और अतिवादी संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की धमकी दी। आपातकाल के बाद भी प्रमुख विपक्षी दलों ने चुनाव के बहिष्कार करने की बात की थी। हालांकि इसके बावजूद वहां चुनाव हुए और उन सभी लोगों ने चुनाव में हिस्सा भी लिया और जीत हासिल की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का मुद्दा अपनी स्टाइल में उठा रहे हैं। वो केंद्र की बीजेपी सरकार पर वोटों की चोरी का आरोप लगा रहे हैं। वोटिंग में गड़बड़ी का इल्जाम तो राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगाने लगे थे, लेकिन अब ज्यादा जोरदार तरीके से उसे उठा रहे हैं। राहुल गांधी महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन बाकी चुनावों के मामले चुप्पी साध लेते हैं।

राहुल गांधी पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग पर तल्ख, अमर्यादित और अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। असल में राहुल गांधी चुनाव आयोग और चुनाव मशीनरी को दबाव में लेना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुले मंच से यह घोषणा कर चुकी हैं कि वे बंगाल में एसआईआर नहीं होने देंगी। विपक्ष के कई दूसरे नेता भी एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान मोहब्बत की दुकान, संविधान की रक्षा और संविधान की कॉपियां लेकर देशभर में घूमते थे। और भाजपा पर संविधान विरोधी होने और संविधान बदलने का आरोप लगाते थे। यही इनका मूल चरित्र है।

2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने भाजपा के सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने का खतरा होने का मुद्दा उठाया था। इससे कांग्रेस को अच्छी सफलता मिली थी। उसी तरह विपक्ष लोगों के बीच वोट खोने का डर और चुनाव में गड़बड़ी का मुद्दा उठाकर बढ़त हासिल करना चाहता है। इससे वह सत्ता पक्ष पर दबाव बनाने के साथ-साथ जनता के बीच अपनी पकड़ भी मजबूत करना चाहता है। यदि जनता के एक प्रतिशत लोगों के मन में भी अपना वोट खोने का डर पैदा हो जाता है तो इससे पूरा चुनावी गणित बदल सकता है। कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल पूरी तैयारी के साथ इसी रणनीति पर काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

चुनाव आयोग ने केवल दूसरी जगह चले गए मतदाताओं, मृतकों और एक ही व्यक्ति के दो स्थानों पर मतदाता सूची में शामिल होने वाले मतदाताओं का नाम ही मतदाता सूची से हटाने की बात कही है, ऐसे में एसआईआर का विरोध पूरी तरह से अतार्किक है। चुनाव आयोग नियम कानून के तहत वोटर लिस्ट अपडेट कर रहा है। यह उसकी डयूटी का हिस्सा है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची जरूरी है। वास्तव में, मतदाता सूची पर विपक्ष का हंगामा केवल राजनीतिक स्टंट कर जनता का ध्यान अपनी ओर खींचने की कोशिश है। विपक्ष चुनावों में अपनी हार को देखकर अभी से बहाने की तलाश कर रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन और चुनाव आयोग पर बयानबाजी उसी का नतीजा है।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**
**स्वतंत्र पत्रकार**

# भारत अब चौथा सर्वाधिक समानता वाला देश

हाल ही में जारी विश्व बैंक की 'स्प्रिंग 2025 पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' ने दुनिया में एक बहस शुरू की है। बहस का मुद्दा यह है कि क्या भारत वास्तव में दुनिया का चौथा सबसे समान देश बन गया है, जैसा कि इस रिपोर्ट में कहा गया है। वास्तव में देश और दुनिया में प्रचलित विमर्श का यह रिपोर्ट खंडन करती है। देश में बड़ी तादाद में बुद्धिजीवी जो इससे पूर्व की रिपोर्टों और आंकड़ों का हवाला देते हुए यह तर्क देते रहे हैं कि देश में आर्थिक संवृद्धि के साथ-साथ असमानताएं भी बढ़ी हैं। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि आर्थिक संवृद्धि के साथ-साथ गरीब और अमीर के बीच खाई बढ़ी हैस वंचित वर्ग के हालात पहले से अधिक बिगड़े हैं और यह असमानता आय और संपत्ति दोनों में दिखाई देती है। ऐसे में यदि कोई रिपोर्ट यह कहे कि देश में असमानताएं कम हुई हैं तो असमंजस स्वाभाविक ही है। ऐसे में उन बुद्धिजीवियों द्वारा इस प्रकार की रिपोर्ट पर प्रश्नचिन्ह लगाना भी स्वाभाविक ही है। लेकिन यहां यह भी सत्य है कि जो लोग यह मानते हैं कि देश में आय और संपत्ति की असमानताएं बढ़ी हैं, वे भी आंकड़ों के आधार पर अपनी बात को सिद्ध कर सकते हैं और जो रिपोर्ट विश्व बैंक ने प्रकाशित की है, वह भी आंकड़ों पर ही आधारित है। समझने की कोशिश करते हैं कि क्या विश्व बैंक की रिपोर्ट सिर्फ आंकड़ों का खेल है, जैसा उसके आलोचक दावा करते हैं या उसमें कुछ सच्चाई है। और यदि यह सच है तो यह भी समझने का प्रयास करेंगे कि भारत में समानताएं घटने के पीछे कारण क्या हैं?

आय और संपत्ति की असमानताएं = असमानताओं को मापने का सर्वाधिक उपयोगी तरीका गिनी चटांक माना जाता है। गिनी चटांक शून्य से एक तक होता है, जहां शून्य गिनी सह गुणांक पूर्णत= समानता को और 1 पूर्णत= असमानता को दर्शाता है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनामिक रिसर्च और अन्य गृहस्थ आय सर्वेक्षणों के आंकड़ों के अनुसार 2023 में आय गिनी सह गुणांक 0.410 था जो 1955 में 0.371 से भी अधिक था। यदि संपत्ति के वितरण के बारे में विचार करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में 2023 में यह सह गुणांक 0.405 था जो 1955 में 0.341 से कहीं अधिक था, जबकि शहरी क्षेत्र में यह 1955 में 0.392 से घटकर 2023 में 0.382 ही रह गया, लेकिन अभी भी यह काफी ऊंचे स्तर पर बना हुआ है।

लेकिन घट गई है उपभोग में असमानताएं = भारत में आय और संपत्ति में बढ़ती असमानताओं के बीच, अच्छी खबर यह है कि उपभोग में असमानताएं कम हो रही हैं। इसे अलग-अलग शब्दों में पहले यूएनडीपी की रिपोर्ट के अनुसार बहुआयामी गरीबी में भारी कमी और बाद में विश्व बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में अत्यधिक गरीबी में बड़ी कमी दर्ज की गई है। हालांकि अत्यधिक गरीबी की परिभाषा 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बदलकर 3.0 डॉलर प्रतिदिन कर दी गई है, फिर भी 2022-23 में केवल 5.3 प्रतिशत लोग ही अत्यधिक गरीबी से पीड़ित थे। दिलचस्प बात यह है कि 2011-12 में यह आंकड़ा 27.1 प्रतिशत था। और यदि इस परिभाषा को पहले की तरह 2.15 डॉलर ही रखा जाए, तो 2022-23 में अत्यधिक गरीबी से पीड़ित लोगों का प्रतिशत केवल 2.3 प्रतिशत ही रह गया है। विश्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में उपभोग में असमानताएं अब कम हो गई हैं। एक अधिक समतापूर्ण समाज की ओर भारत की यात्रा पिछले कुछ वर्षों में उसके गिनी सूचकांक में परिलक्षित होती है। 2011 में यह सूचकांक 28.8 था, जो 2022 में 25.5 तक पहुंच गया। इसका मतलब है कि अब यूएनडीपी से लेकर विश्व बैंक तक, सब में इस बात पर आम सहमति है कि भारत में उपभोग असमानताएं निश्चित रूप से कम हुई हैं। लेकिन दूसरी ओर आलोचक भारत में बढ़ती असमानताओं का तर्क आगे बढ़ा रहे हैं। वे इस सच्चाई को मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि गरीबी और उपभोग में असमानताएं दोनों पहले से कम हो गए हैं।

क्या कहते हैं आलोचक = आलोचकों का पहला तर्क यह है कि विश्व बैंक की रिपोर्ट गृहस्थ उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों पर आधारित है और इसमें आय और संपत्ति को शामिल नहीं किया गया है। उपभोग आधारित गिनी सहगुणांक असमानताओं को कम करके आंकता है, क्योंकि अमीर लोग अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा बचा लेते हैं। उसके मुकाबले आय आधारित समानताएं अधिक विस्तृत अवधारणा है और उस संदर्भ में भारत में आय और संपत्ति की असमानताएं वास्तव में बढ़ी हैं। आलोचकों का दूसरा तर्क यह है कि विश्व बैंक द्वारा उपयोग किया गया सर्वेक्षण उपभोग को ठीक प्रकार से आकलन नहीं कर पाया। ऊपर के पांच प्रतिशत अमीर सामान्य सर्वेक्षण में अपने उपभोग को कम कर बताते हैं और उसी आधार पर निष्कर्ष सही नहीं होगा। आलोचकों का यह भी कहना है कि 2011-12 और 2022-23, जिन दो वर्षों के बीच तुलना की गई है, उनकी क्रियाविधि (मेथाडोलॉजी) में काफी अंतर है। इसलिए वह तुलना भी ठीक नहीं है। आलोचकों का कहना है कि कुल 49 प्रतिशत राष्ट्रीय उपभोग को ही सर्वेक्षण में शामिल किया जा सका है, क्योंकि अमीरों द्वारा अपने उपभोग को कमतर बताया जाता है, इसलिए इसके आधार पर सही निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। हमें यह समझना चाहिए कि कोई भी सर्वेक्षण सभी पहलुओं में परिपूर्ण नहीं होता। इसलिए इन तर्कों के आधार पर हम इस तथ्य को नकार नहीं सकते कि जब एक के बाद एक रिपोर्ट गरीबी में कमी का संकेत दे रही हैं, चाहे वह अत्यधिक गरीबी हो या बहुआयामी, उपभोग असमानताओं में कमी भी एक वास्तविकता है।

भारत में वर्तमान सरकार की समावेशी नीतियों के कारण ऐसा हो सका है। पहली बार इतने कम समय में ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ और शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ घरों के निर्माण से अभावग्रस्त लोगों का जीवन बदला है। इसके साथ ही सभी घरों में बिजली, अधिकांश आबादी को पाइप से जल कनेक्शन और स्वच्छ खाना पकाने के लिए ईंधन की उपलब्धता, साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एक सीमा से कम आय वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पांच लाख रुपए तक की मुफ्त द्वितीयक स्वास्थ्य सुविधाएं, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को गरीब करने वाले कारकों को समाप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही हम यह भी देखते हैं कि पहले भी सरकारें समाज के गरीब तबके के उपभोग में सुधार के नाम पर भारी धनराशि खर्च करती थीं, लेकिन खामियों के कारण भारी भ्रष्टाचार और लीकेज होता था। लेकिन शून्य बैलेंस वाले 53 करोड़ से ज्यादा जन धन बैंक खाते खोलने और इन सभी खातों को आधार व मोबाइल नंबर से जोडने से, बिना किसी लीकेज के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण संभव हुआ।

इससे न केवल सरकार का खर्च कम हुआ, बल्कि लोगों के उपभोग मानकों में सुधार लाकर उनके जीवन में निश्चित सुधार हुआ। इसलिए, असमानताओं का आकलन करने वाले घरेलू सर्वेक्षणों की कमियों और कमजोरियों को तो समझा जा सकता है, लेकिन गरीबी में निश्चित रूप से कमी आई है, चाहे वह चरम पर हो या बहुआयामी। यही बात गृहस्थ उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) में भी दिखाई देती है, जो उपभोग असमानताओं में कमी दिखाती है, लेकिन इसे अंतिम लक्ष्य नहीं मान लेना चाहिए। हमें यह समझना चाहिए कि हालांकि असमानताएं कम हुई हैं, लेकिन असमानताओं में कमी का श्रेय सरकारी सहायता और कुछ हद तक मुफ्त सुविधाओं को जाता है। हमें लोगों को इतना सक्षम बनाना होगा कि वे अपने परिवारों की जरूरतें खुद पूरी कर सकें।

**-डा. अश्वनी महाजन**
**पूर्व कालेज प्रोफेसर**

# राशिफल

**श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, षष्ठी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
विरोधियों पर दबदबा कायम रहेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान देगा। यानी महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
गृह कलह के संकेत। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहकर। प्रेम, संतान की स्थिति पहले से बेहतर।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। थोड़ा सा जुबान व निवेश पर काबू रखें। धन हानि या जन हानि के संकेत हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
सितारों की तरह चमकेंगे। रौब-रुआब आपमें बना रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे, पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य पहले से काफी बेहतर। यात्रा का योग बनेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा संभव है। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। भाग्य साथ देगा।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने लगाए टैबेबुइया रोजिया के 500 पौधे



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** टैबेबुइया रोजिया अर्थात (बसंत रानी) प्रजाति के पेड़ों में बसंत के मौसम में फूल आते हैं। यह फूल गुलाबी होते हैं।

इस विशेष प्रजाति के फूलों की खूबसूरती से अगले एक-दो वर्ष में विप्रो गोलचक्कर 105 मीटर गुलाबी नजर आएगी। शहर में चलाए जा रहे विशेष पौधा रोपण अभियान के तहत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 500 से अधिक पौधे लगाए। अभियान में एक्टिव सिटीजन टीम के साथ ही शहर के अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया।

टैबेबुइया रोजिया के पौधों में बसंत माह में गुलाबी फूल खिलते हैं। ये देखने में अत्यंत खूबसूरत लगते हैं। जिससे शहर की खूबसूरती और बढ़ जाती है। अभियान के दौरान एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा को हरा-भरा बनाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से पौधरोपण आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने निवासियों से पौधे लगाकर ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की अपील की। पौधरोपण के दौरान उद्यान विभाग के उप महाप्रबंधक संजय कुमार जैन, वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र, सहायक निदेशक नथोली सिंह, सहायक निदेशक उद्यान बुद्ध विलास, मैनेजर प्रशांत समाधिया, मैनेजर मिथलेश कुमार, ऐक्टिव सिटीजन टीम के सदस्य सरदार मंजीत सिंह, हरेंद्र भाटी और आलोक सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# शहदरा में चल रहा किसानों का धरना खत्म

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी के नेतृत्व में किसानों के हक और अधिकार की लडाई 20 वर्षों से लडी जा रही है जहाँ भी किसानों की समस्याओ को लेकर लडाई लडी गई। सभी समस्याओं का समाधान कराने के बाद ही दम लिया है। शहदरा गांव मै किसान हातम सिंह भाटी जो भारतीय किसान यूनियन बलराज के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हैं उनकी पैतृक जमीन पर बनी दुकानों को उच्चन्यायालय इलाहाबाद के यथावत स्टे के बावजूद नौएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने 15 फरवरी 2024 को ध्वस्त कर दिया था उसी दिन से भारतीय किसान यूनियन बलराज के नेतृत्व मै प्राधिकरण की कार्यवाई के विरोध मै धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया था धरनास्थल पर कई बार विशाल महापंचायत हुई जिनमे प्रशासन द्वारा समस्याओ के निस्तारण के लिए समय की मांग की गई थी किसानों ने समय दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी का कहना है कि प्राधिकरण ने किसानों की 64,7 ल अतिरिक्त मुआवज़ा का निस्तारण कर दिया था किसान के एंक्रोचमेंट के कारण अतिरिक्त भूखण्ड का निस्तारण नही किया जा रहा था उसके लिए संगठन 19 महिने से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर बैठे है लम्बे समय तक इंतजार के बाद संगठन ने क्षुब्ध होकर 30 जुलाई को धरनास्थल पर विशाल महापंचायत बुलाई थी राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि महापंचायत मै अलग अलग राज्यों से लगभग दस हजार किसानों की पहुँचने की तैयारी थी जिससे प्रशासन के हाथ पैर फूले हुए थे लेकिन मंगलवार को पुलिस प्रशासन की मध्यस्थता के बीच प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री, ओएसडी क्रान्ति शेखर, ओएसडी अरविंद कुमार, एसडीएम सीमा सिंह और किसानों के मध्य दो घन्टे वार्ता हुई जिसमें जिसमे बलराज भाटी ने बिन्दू वार किसानों का मजबूती से पक्ष रखा एसीईओ संजय खत्री ने किसान की सुनवाई करते हुए आबादी नियमितीकरण करते हुए 10 ल अतिरिक्त भूखण्ड के लिए एक माह का समय निर्धारित किया है एसीईओ के आग्रह पर 19 माह से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन को एसडीएम सीमा सिंह और थानाध्यक्ष सैक्टर 142 विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व मै ससम्मान धरना को स्थागित किया गया है राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी का कहना है कि 19 महीने भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ताओ के संघर्ष के बाद किसान को उनका हक मिला है।



इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा एंव राष्ट्रीय संयोजक रेखा सिवाल, भारतीय किसान यूनियन महा सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी, सीमा भाटी, महिला विंग की जिलाध्यक्ष मितलेश भाटी,उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी यूथ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी, प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष फरमान मसूरी, मेरठ मंडल अध्यक्ष जतन भाटी, यूथ मेरठ मंडल अध्यक्ष इरशाद खान, मेरठ मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा, जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर योगेश वैष्णव, जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर हेमन्त पडिंत, जिलाध्यक्ष मुरादाबाद फहीम मंसूरी, प्रदेश सचिव प्रवीण चौहान,प्रवीण शर्मा आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# प्राधिकरणों में तीन वर्ष से तैनात अधिकारियों का हो तबादला

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर सिटीजन फोरम ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि प्राधिकरण में तीन वर्षों से अधिक समय से तैनात अधिकारियों का तबादला किया जाएगा।

गौतमबुद्धनगर सिटीजन फोरम के चेयरमैन मनीष शर्मा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि जनपद गौतमबुद्धनगर और विशेष रूप से नोएडा, आज उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट शहरों में से एक है और यही



कारण है कि दिल्ली एनसीआर में नोएडा को प्रथम पंक्ति में जाना जाता है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना विकास औद्योगिक प्राधिकरण में जो कार्यरत अधिकारी हैं उनके प्रति जो सरकारी नीति है; कि एक अधिकारी एक जनपद में 3 वर्ष से अधिक प्राय नहीं रहेगा।

इसलिए ऐसे सभी अधिकारी जिनको कार्य करते प्राधिकरण में 3 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। उनका तबादला किया जाएगा। किसी को अपवाद के रूप में छूट दी जाती है तो उसको मुख्य कार्यपालक अधिकारी के स्तर पर ही विचार किया जाए।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचे संगठन मंत्री

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ईटा-1 में भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के आवास पर उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन धर्मपाल सिंह से मुलाक़ात कर कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की।

प्रदेश संगठन के सशक्त नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता नए ऊर्जा और संकल्प के साथ राष्ट्र सेवा में निरंतर समर्पित हैं। इस अवसर पर दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर, नोएडा के जिलाध्यक्ष महेश चौहान, सुभाष भाटी, दीपक भारद्वाज, वीरेन्द्र भाटी, कर्मवीर आर्य, अर्पित तिवारी, मनोज प्रधान आदि दर्जनों वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पृष्ठ एक के शेष....

**गौतमबुद्धनगर की पहली...**

शूटर भी रह चुकी हैं। इनके पिता ज्ञानेश कुमार केरल कैडर के आईएएस अधिकारी थे, जो वर्तमान में केंद्रीय चुनाव आयुक्त हैं। आईएएस अधिकारी मेधा रूपम का परिवार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के आगरा का रहना वाला है। इनकी शुरुआती शिक्षा केरल में ही हुई थी। आईएएस अधिकारी मेधा रूपम की पहली पोस्टिंग बरेली में सहायक मजिस्ट्रेट के पद पर हुई थी। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण की एसीईओ से पहले हापुड़ की डीएम थीं। बता दें कि मनीष कुमार वर्मा की गौतमबुद्धनगर के डीएम के तौर पर तैनाती 28 फरवरी 2023 को हुई थी। करीब ढाई साल बाद उनका ट्रांसफर हुआ है। वहीं, यमुना प्राधिकरण (यीडा) के एसीईओ कपिल सिंह प्राधिकरण से कार्य मुक्त हो गए। शासन ने उन्हें कानपुर देहात के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी दी है।

**एक्सप्रेसवे पर कैंटर....**

दोस्त हिमांशु पांडे की वेन्यू कार को लेकर अपने साथी धर्मवीर और आनंद के साथ निजी कार्य से लखनऊ से दिल्ली आया हुआ था। 28 जुलाई को यह सभी लोग दिल्ली से लखनऊ वापस जा रहे थे। रात्रि करीब 2 बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर 38 माइलस्टोन किलोमीटर पर उनकी गाड़ी के सामने जा रहे टाटा कैंटर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। तेज रफ्तार होने के कारण अंकित मिश्रा कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार कैंटर से जा भिड़ी। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठे अंकित मिश्रा, धर्मवीर और आनंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में तीनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने अंकित मिश्रा और धर्मवीर को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में घायल आनंद कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शुभम त्रिपाठी की शिकायत पर कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कैंटर नंबर के आधार पर चालक की तलाश कर रही है।

दूसरा हादसा नोएडा ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट से आगे सेक्टर-150 के पास हुआ। दिल्ली निवासी रिंकी अपने जानकार सूर्य प्रकाश शर्मा के साथ 28 जुलाई की देर रात्रि को पल्सर बाइक से नोएडा से दिल्ली की तरफ जा रही थी। बाइक जैसे ही जीरो पॉइंट से आगे सेक्टर-150 के पास पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सूर्य प्रकाश शर्मा और रिंकी दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए शारदा अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान रिंकी की मौत हो गई। इस संबंध में मृतका के भाई मोहित कुमार सिंह ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा कर उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

**प्रोजेक्ट के निर्माण के...**

पॉलिसी पास होती है तो निर्माण कंपनी को पहले मजदूरों के निवास के लिए अस्थाई कंस्ट्रक्शन करना होगा।

इस कंस्ट्रक्शन के लिए भी उसे प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी। साथ ही यदि वो किसी प्लाट पर अस्थाई कंस्ट्रक्शन करना चाहता है तो प्लाट आर्नर से एनओसी लेनी होगी। हाल ही में गोदरेज कंपनी ने प्राधिकरण में एक प्रजेंटेशन किया था। जिसमें उसने लेबर के रहने के लिए अस्थाई निवास बनाने की बात की थी। दो से तीन निर्माण कंपनियों ने भी डिमांड की थी। इनमे से किसी को अनुमति नहीं दी गई। वो इसलिए क्योंकि प्राधिकरण के पास ऐसी कोई पॉलिसी नहीं है। जिसके बाद प्राधिकरण का प्लानिंग विभाग इस पॉलिसी को बना रहा है।

**दोस्त की गोली...**

मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस मामले में पुलिस ने राजकमल की शिकायत पर विवेक, अभिषेक, विजेंद्र एवं तपेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभिषेक व बिजेंद्र को हिरासत में ले लिया है।

एडीसीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक बब्बल और आरोपी विवेक एक ही परिवार से हैं और दोनों की आपस में बहुत अच्छी दोस्ती थी। दोनों अधिकतर समय एक-दूसरे के साथ ही रहते थे। बीती रात्रि किसी बात को लेकर विवेक व बबल के बीच विवाद हो गया जिसके बाद उसने गोली मार दी। बबल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। पुलिस का कहना है कि अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं।

**घर से बिना बताए...**

जाने के लिए निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। किशोरी के दादा राशिद (काल्पनिक नाम) ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई की शाम को उनकी (13 वर्षीय) पोती घर से बाजार गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। रशीद के मुताबिक उनकी पोती थोड़ी मंदबुद्धि है एक बार पहले भी वह घर से चली गई थी। कुछ दिनों बाद वह अपने आप वापस घर लौट आई थी। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरियों की तलाश की जा रही है।

**गिझोड़ गांव में छात्रा...**

और तेज गति में कार लेकर चला गया। स्कूल के आसपास खड़े लोगों ने इस मंजर को देखकर तुरंत स्कूल प्रबंधन को सूचना दी। स्कूल प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज देखने के पश्चात पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-24 प्रभारी विद्युत गोयल पुलिस टीम के साथ स्कूल पहुंचे और जांच पड़ताल की।

नोएडा जोन के एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि छात्रा की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से कार नंबर से आरोपी की पहचान की। पुलिस ने 1 घंटे के भीतर छात्रा को सकुशल बरामद कर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। युवक की पहचान बहलोलपुर गांव निवासी मोनू कुमार के रूप में हुई।

प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला कि आरोपी युवक और छात्रा पिछले तीन वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे। युवक 1 वर्ष पूर्व छात्रा के ही स्कूल में पढ़ता था। गलत आचरण के कारण उसे स्कूल से निकाल दिया गया था। इस संबंध में छात्रा के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक पर छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

**प्राधिकरण की घेराबंदी...**

कोटा स्कीम के भूखंड नहीं मिले हैं। 5 प्रतिशत के प्लाटों में कमर्शल गतिविधियां एवं जो प्रस्ताव नोएडा की बोर्ड बैठक से पास होकर लखनऊ गए हुए हैं वह आज तक कैबिनेट में पास होकर वापस नहीं आए हैं। इस बार किसानों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सभी मांगे पूरी न होने तक वह प्राधिकरण पर बेमियादी धरना देंगे।

इस अवसर पर भाकियू मंच के संरक्षक मेसी यादव, रवि प्रधान,विक्रम यादव प्रमोद त्यागी, तेज सिंह, राजवीर चौहान, महानगर अध्यक्ष डीपी चौहान, सुरेश यादव, महावीर नेताजी, सुधीर चौहान नंबरदार, सुशील यादव, सुमित अंबावत, अशोक तोमर , राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान, मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, यूथ अध्यक्ष चींकू यादव, रामनाथ त्यागी, वीर सिंह मास्टर, जगबीर भाटी, सरजीत खारी, सागर नंबरदार, गजेंद्र बैसोया, हरीश खारी, तेज सिंह, राजवीर चौहान, लोकेंद्र चौहान, प्रिंस भाटी, दानिश शैफी, गौतम लोहिया, राहुल पवार, उमंग शर्मा, अमित बैसोया, रिंकू यादव, सोनू लोहिया, ऐके बसोया, रोहित यादव, योगेश भाटी, मांगेराम पाल, ओमबीर अवाना, मनोज प्रधान सैकड़ों किसान पंचायत में शामिल हुए।

# नवीन भाटी की मेहनत रंग लाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-142 के शाहदरा गांव में गत 19 महीनों से चल रहा किसानों का धरना समाप्त हो गया। बता दें कि गत 19 माह से किसानों की



पुश्तैनी जमीन पर बने निर्माण को नोएडा प्राधिकरण द्वारा तोड़े जाने के विरोध में धरना शुरू हुआ था जो कल समाप्त हो गया और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों की बात मान ली है।

इस सफलता के पीछे किसान एवं पीड़ित नवीन भाटी की मेहनत रंग लाई और किसानों की सभी मांगे पूरी की गई है। नवीन भाटी ने इस मसले को लेकर केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के साथ-साथ प्रमुख सचिव एवं जिला अधिकारी एवं नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी से निरंतर मिलकर इस काम को पूरा करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नवीन भाटी के इस कार्य की जितनी सराहना की जाए वह कम है।

# दिनेश शर्मा एवं विभोर को बधाईयों का तांता





**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) का दिनेश शर्मा को राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विभोर शर्मा को एनसीआर अध्यक्ष बनाया गया है।

सर्वविदित हो कि भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) का गत दिनों पूर्व गठन हुआ था। उक्त दोनों नेताओं को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों एवं संगठन के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बता दें कि दिनेश शर्मा एवं विभोर शर्मा गत कई वर्षों से किसानों के लिए निरंतर संघर्ष करते आ रहे हैं और कई किसान संगठनों में बड़े पदों पर भी रह चुके हैं। इन दोनों के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं एनसीआर अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

वहीं एक बातचीत के दौरान नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश शर्मा ने कहा कि संगठन में जो जिम्मेदारी मिली है। उसको मैं पूरे ईमानदारी के साथ निर्वाहन करूंगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा से संघर्ष करता आ रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। वहीं एनसीआर अध्यक्ष विभोर शर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण करवाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह को बधाई दी है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 क्षेत्र के याकूबपुर गांव में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपने दोस्त के साथ याकूबपुर गांव में किराए के मकान में रह रहा था।

थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि बीती रात्रि याकूबपुर निवासी सोनू ने पुलिस को सूचना दी कि उसके मकान में किराए पर रहने वाले अनिल पुत्र खुशीराम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला कि अनिल मूल रूप से पीलीभीत का रहने वाला था और अपने दोस्त के साथ सोनू के मकान में किराए पर रह रहा था। अनिल नोएडा की एक कंपनी में काम करता था। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, इस कारण आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी नोएडा पहुंच गए हैं। परिजनों ने भी आत्महत्या के कारणों की जानकारी होने से इनकार किया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | CPYZ छोर पर PF-1 और 2, DLI छोर पर PF-3 और 4, DLI छोर पर PF-5 और 6 के चौड़ीकरण ट्रैक की स्लीविंग और गाजियाबाद स्टेशन पर RPC-4 सुविधा के साथ दो स्टेबलिंग लाइनों के प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग का काम। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 90,47,302.78 |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 1,81,000.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 28.07.2025 निविदा खुलने का दिनांक 19.08.2025 15:00 बजे तक। |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या : 558-Sig/16/M/Tender-1452

दिनांक : 28.07.2025 2310/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खास खबर

### एनकाउंटर के बाद दो संदिग्ध हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के दाछीगाम के घने जंगलों में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार को तीन पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया गया, इसके बाद आतंकियों की पहचान के लिए दो स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन पर आतंकियों को शरण देने का आरोप है। सेना के ऑपरेशन महादेव में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर और पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड सुलेमान शाह उर्फ मूसा फौजी समेत तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मारा है। एनकाउंटर के बाद ही एनआईए ने आतंकियों की पहचान के लिए दो स्थानीय लोगों परवेज अहमद और बशीर अहमद को हिरासत में लिया है। उन पर आतंकियों को शरण देने और लॉजिस्टिक सहयोग देने के भी आरोप हैं। दोनों को आतंकियों के शवों की पहचान के लिए घटनास्थल पर ले जाया गया। यह एनकाउंटर दाछीगाम के महादेव और जबरवान रेंज के बीच स्थित घने जंगलों में हुआ। सेना को जुलाई की शुरूआत में इलाके में संदिग्ध सैटेलाइट कम्युनिकेशन की जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने 14 दिन तक आतंकियों की गतिविधियों पर नजर रखी।

### धारदार हथियार से युवक की हत्या

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार देररात घर में घुसकर एक युवक की हत्या कर दी गई। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं समेत छह नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि बहन राधिका के मुताबिक, गांव के पंकज दीक्षित, मंजू दीक्षित, नीरज दीक्षित, सपना दीक्षित, कल्पना दीक्षित और विमलेश दीक्षित ने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर बख्तौरीपुर निवासी भाई अमन दीक्षित (32) की हत्या कर दी हैं। बहन ने आरोप लगाया है कि उनके भाई की जमीन के विवाद को लेकर इन लोगों ने हत्या की है। इन सभी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### लापता युवती को पंचकूला पुलिस ने किया बरामद

**चंडीगढ़।** पंचकूला पुलिस ने गुजरात के राजकोट से लापता एक लड़की को बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में एक किशोर को पकड़ा है। पंचकूला पुलिस ने दोनों को गुजरात पुलिस के हवाले कर दिया है। नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला गुजरात के राजकोट सिटी में दर्ज किया गया था। इंस्पेक्टर वीरेंद्र नैन ने मंगलवार को बताया कि सात जुलाई को लड़की गुजरात के राजकोट से लापता हो गई थी। पुलिस को जानकारी मिली कि दो नाबालिग जिसमें लड़की की उम्र 12 साल व लड़के की उम्र 17 साल है वह मानव कॉलोनी नजदीक सकेतड़ी में रह रहे हैं। पूछताछ में पता चला कि लड़की मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है जबकि किशोर लड़का बिहार निवासी है। गुजरात में दोनों अपने रिस्तेदार के यहां आए थे।

## हिमाचल प्रदेश के मंडी में फिर बादल फटने से तबाही

# दो की मौत, कई घर और गाड़ियां क्षतिग्रस्त

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून ने एक बार फिर तबाही मचाई है। सोमवार बीती रात से जारी मूसलाधार बारिश के बीच मंडी जिले में भारी बाढ़ और मलबा आने से हालात सबसे ज्यादा खराब हुए हैं। मंडी शहर के जेल रोड और हॉस्पिटल रोड इलाके में बादल फटने के कारण अचानक नाले में उफान आने से बाढ़ का पानी और मलबा घरों में घुस गया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई व एक लापता है जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। कई लोगों को समय रहते पुलिस व प्रशासन ने सुरक्षित बाहर निकाला। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दो लोगों की मौत की और एक के लापता होने की पुष्टि की है।



उन्होंने कहा है कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस के जवान राहत व बचाव कार्यों में जुटे हैं। मंडी के जेल रोड़ वार्ड की पूर्व पाषर्द कृष्णा के बेटे और पोते की मलबे में दबने से मौत हो गई । उनके शव बरामद हो गए हैं, जबकि बहू लापता है, वहीं पर एक व्यक्ति की टांग टूट गई है। इसके अलावा कई घरों में मलबा घुस जाने से करीब पंद्रह लोगों को मलबे से निकाला गया। एक मकान में भारी मात्रा में मलबा घुस जाने से कमरे में दो लोग फंस गये थे, जिन्हें लोगों ने कमरे की खिड़की तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी अनुसार देर रात भारी बारिश के बाद अचानक बाढ़ आ गई, जिसने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घरों की निचली मंजिलों में पानी और मलबा भर गया, जिससे लोग फंस गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिल शर्मा, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, नगर निगम के महापौर विरेंद्र भटट, स्थानीय पार्षद राजा, सुमन ठाकुर ,कमिशनर रोहित राठौर, एडीएम डा. मदन कुमार ने मौके पर पहुंच का राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। इस बारिश से अभी और कितना नुक्सान हुआ है इसका आंकलन किया जा रहा है। इधर, चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग और मंडी-पठानकोट हाईवे (एनएच-154) पर भी कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। दोनों मार्ग बंद हैं और कई वाहन फंसे हुए हैं। लोक निर्माण विभाग, प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें राहत कार्य में जुटी हैं, जबकि एनडीआरएफ को भी अलर्ट पर रखा गया है। मौसम विभाग ने मंडी सहित पूरे प्रदेश में अगले 24 घंटों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे राहत कार्यों में और कठिनाइयां बढ़ गई हैं।

## चीन में बाढ़ से 34 लोगों की मौत हजारों लोगों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। यहां पर भारी बारिश और बाढ़ के चलते 34 लोगों की मौत हो चुकी है। बीजिंग में लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार देर रात बीजिंग के बुरी तरह प्रभावित मियुन जिले में 28 और यानकिंग जिले में दो लोगों की मौत हो गई। इलाके में रात भर भारी बारिश हुई। बीजिंग में 80,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जिनमें मियुन के करीब 17,000 लोग शामिल हैं। बता दें इससे पहले पड़ोसी हेबेई प्रांत में हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लापता हैं। यह भूस्खलन हेबेई की लुआनपिंग काउंटी के एक ग्रामीण इलाके में हुआ था। संचार व्यवस्था ठप हो



गई है और वह अपने रिश्तेदारों से संपर्क नहीं कर पा रहा। चीन के जल संसाधन मंत्रालय के मुताबिक अधिकारियों ने मियुन जिले में एक जलाशय से पानी छोड़ा है। यह जलाशय 1959 में इसके निर्माण के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर है। इसके अलावा अन्य उत्तरी चीनी क्षत्रों में भी बारिश के चलते मौतें हुई हैं। इनमें, शांक्सी प्रांत भी शामिल है, जहां एक पूरी बस ही पानी में डूब गई। वहीं, अधिकारियों द्वारा बाढ़ का पानी छोड़ देने के चलते हेबेई प्रांत में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## प्रधानमंत्री ने रखी पावरग्रिड की ट्रांसमिशन प्रणाली की आधारशिला

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जुलाई, 2025 को तममलनाडु के तूतीकोररन में आयोमजत एक समारोह में कु डनकु लम यूमनट-3 और 4 (2-1000 मेगावाट) मिजली संयंत्र से मिजली की मनकासी के मलए भारत सरकार के मवद् युत मंत्रालय के तहत महारत्न सीपीएसई, पावर मिड कॉपोरेशन ऑफ इंमडया मलमममटेड (पावरमिड) द्वारा मनममित मकए जा रहे ट्रांमिशन मसस्टम की आधारमशला रखी। अंतर-राज्यीय ट् ांसमममशन मसस्टम (आईएसटीएस) पररयोजना के तहत पावरमिड कु डनकु लम ट् ांसमममशन मलमममटेड द्वारा कार्यान्वित की जा रही इस योजना में 400 केवी डी/सी (क्वाड) कु



डनकु लम परमाणु ऊजा संयंत्र (3 और 4) - तूतीकोररन-IIजीआईएस पीएस ट्ांसमममशन लाइन और तूतीकोररन- II जीआईएस में दो 400 के वी जीआईएस लाइन टममिनल उपकरणों का मनमाण शाममल है। समारोह के दौरान आर. एन. रमव, राज्यपाल, तममलनाडु, राममोहन नायडू मकं जरापु, माननीय कें द्रीय नागर मवमानन मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कायि राज्य मंत्री, थंगम थेनारासु, कृषि मंत्री, तममलनाडु, पी. गीता जीवन, समाज कल्याण और ममहला सशन्विकरण मंत्री, तममलनाडु, कमनमोझी करुणामनमध, सांसद तथा केंद्र एवं राज्य सरकार और पावरमिड के वररष्ठ अमधकारीगण उपन्वित थे। यह पररयोजना तममलनाडु, के रल, कनाटिक और पुडुचेरी समहत लाभाथी राज्यों और केंद्र शामसत प्रदेशों को 2 गीगावाट स्वच्छ और मवश्वसनीय परमाणु ऊर्जा की आपूमति में मदद करेगी, तामक क्षेत्र की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा मकया जा सके । यह पारेंणि अवसंरचना 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता प्राप्त करनेके भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का भी समथिन करती है, जो देश के एनजी ट्रांमिशन, सुरक्षा और हररत भमवष्य के प्रमत प्रमतिद्धता में महत्वपूणि योगदान देगी। 30 जून 2025 तक पावरमिड द्वारा 1,80,533 समकि ट मकलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों, 284 उप-कें द्रों और 5,66,831 एमवीए की ट्ांफॉमेशन क्षमता को कमीशन कर संचामलत मकया जा रहा है।

### धमकी से तंग आकर युवक ने की खुदकुशी

**बांदा।** यूपी के बांदा में एक शख्स ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी से तंग आकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक युवक की बेटी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक महिला के प्रेमी ने मृतक की पत्नी को रख लिया था और दूसरी तरफ वह धमकी दे रहा था कि जो उखाड़ सकता हो उखाड़ ले मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। जहां के मृतक ने पत्नी और उसके प्रेमी से परेशान होकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक की पत्नी का एक दूसरे व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था, उसने महिला को अपने साथ रख लिया था।

## बैंकॉक के प्रसिद्ध बाजार में गोलीबारी से 6 लोगों की मौत

एजेंसी

**बैंकॉक ।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में सोमवार को शहर के प्रसिद्ध बाजार में हुई गोलीबारी में कम से कम 6 लोगों की जान चली गई है। मृतकों में वह बंदूकधारी भी शामिल है जिसने वारदात को अंजाम देने के बाद आत्महत्या कर ली। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ब्यूरो के उपायुक्त ने बताया कि घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। बैंकॉक के अस्पतालों की निगरानी करने वाले इरावन इमरजेंसी मेडिकल सेंटर के अनुसार कृषि उत्पाद और स्थानीय खाद्य पदार्थ बेचने वाले ओर तो को बाजार में हमलावर बंदूकधारी ने चार सुरक्षा गार्डों और एक महिला की हत्या कर दी। यह बाजार अपने



ताजे उत्पादों और स्थानीय व्यंजनों के लिए जाना जाता है और आमतौर पर यहां काफी भीड़ रहती है। गोलीबारी की सटीक वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है लेकिन पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद बाजार को सील कर दिया गया है और फोरेंसिक टीमें घटनास्थल पर सबूत जुटा रही हैं। इस घटना ने बैंकॉक जैसे शांत माने जाने वाले शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय प्रशासन लोगों से शांत रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर रहा है।

## बारापुला एलिवेटेड रोड फेज-3 परियोजना में अनियमितताएं हुईं उजागर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी नेता आतिशी एक बार फिर विवादों में घिर गई हैं। दिल्ली की बीजेपी सरकार की सीएम रेखा गुप्ता ने बारापुला एलिवेटेड रोड फेज-3 परियोजना में कथित अनियमितताओं को लेकर जांच कराने का फैसला किया है। यह मामला 175 करोड़ रुपए के विवादित भुगतान से जुड़ा है। जो आतिशी के कार्यकाल में ठेकेदार कंपनी को किया गया था। दिल्ली सरकार की वित्त व्यय समिति की बैठक में इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान परियोजना को लेकर पिछली सरकार की गंभीर लापरवाही के चलते ठेकेदार कंपनी को 175 करोड़ रुपए का भुगतान करना पड़ा। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए। बैठक में मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौजूद थे। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा बारापुला फेज-3 परियोजना का अधूरा निर्माण और उसमें भारी भुगतान पिछली आम आदमी पार्टी सरकार की घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार का जीवंत उदाहरण है। सीएम गुप्ता ने बताया कि यह परियोजना अक्टूबर 2017 तक पूरी होनी थी, लेकिन समय सीमा बार-बार आगे बढ़ती गई और मामला मध्यस्थता में पहुंच गया।

### महिला ने की पति की गला दबाकर हत्या

**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले में एक महिला ने अपने 2 बेटों के साथ मिलकर पति की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक व्यक्ति ग्राम प्रधान था। हत्या के बाद शव को घर से करीब 500-700 मीटर दूर झाड़ियों में फेंक दिया गया और फिर पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई। घटना थाना शिवली क्षेत्र के संबलपुर गांव की है। मृतक का नाम प्रेम नारायण (उम्र लगभग 50 वर्ष) है, जो गांव के प्रधान थे। सोमवार को उनकी पत्नी शिव देवी, अपने दोनों बेटों रवि और रंजीत के साथ थाना पहुंची और बताया कि प्रेम नारायण रविवार रात से लापता हैं। पुलिस ने जब शिव देवी और दोनों बेटों से पूछताछ शुरू की तो उनके बयानों में विरोधाभास नजर आया।

## प्रभावशाली औषधीय जड़ी-बूटी है अकरकरा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रभावशाली औषधीय जड़ी-बूटी अकरकरा को पाइरेथ्रम रूट या वैज्ञानिक भाषा में एनासाइक्लस पाइरेथ्रम कहा जाता है। यह पौधा जम्मू-कश्मीर और बंगाल के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक रूप से उगता है। यह बारहमासी पौधा भारत, उत्तरी अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पाया जाता है। यह सूरजमुखी के परिवार एस्टेरेसी से संबंधित होता है और आयुर्वेदिक औषधियों में इसकी जड़ से बने चूर्ण का उपयोग विशेष रूप से किया जाता है। अकरकरा की तासीर गर्म मानी जाती है और इसका उपयोग करते समय सावधानी बरतना अनिवार्य होता है। इसकी औषधीय विशेषताओं को आधुनिक विज्ञान भी स्वीकार करता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ



मेडिसिन की रिपोर्ट के अनुसार, अकरकरा की जड़, पत्ते और बीज में ऐसे यौगिक मौजूद हैं, जो दर्द को कम करने, सूजन को घटाने और घाव को भरने में मदद करते हैं। यह प्राकृतिक औषधि अपने एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और सूजनरोधी गुणों के कारण अनेक शारीरिक परेशानियों में लाभकारी है। दांत दर्द और मसूड़ों की सूजन के लिए अकरकरा अत्यंत उपयोगी माना गया है। इसका चूर्ण सरसों के तेल या लौंग के तेल में मिलाकर लगाने से त्वरित राहत मिलती है। इसके जीवाणुनाशक गुण घावों को भरने और संबंधित हिस्सों की सूजन को कम करने में सहायता करते हैं। बुखार के लक्षणों में भी यह उपयोगी हो सकता है, क्योंकि इसमें संक्रमण से लड़ने वाले प्राकृतिक गुण मौजूद होते हैं। हिचकी की समस्या में अकरकरा रामबाण साबित हो सकता है। पारंपरिक उपचार पद्धति के अनुसार, इसके चूर्ण को शहद के साथ मिलाकर सुबह और शाम सेवन करना लाभदायक होता है। इसके अतिरिक्त, इसे गुनगुने पानी में घोलकर पीने से भी राहत मिलती है। आयुर्वेद की प्रमुख ग्रंथों में से एक, चरक संहिता में भी अकरकरा को एक प्रभावशाली औषधि के रूप में स्थान दिया गया है, जहां इसे अग्निवेश के अंतर्गत वर्णित किया गया है।

## मण्डलायुक्त ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में एक करोड़ से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सभी मण्डलीय अधिकारी व सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि कराए जा रहे कार्यो की अगली बैठक से फोटोग्राफ के साथ बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यदायी संस्था यह सुनिश्चित करे कि शासन द्वारा समय निर्धारित समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराना सुनिश्चित करें। बैठक में पटवध पेयजल योजना में कार्य प्रगति धीमी होने पर अधिशासी अभियंता जल ग्रामीण सोनभद्र व अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सोनभद्र को चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सोनभद्र को निर्देशित किया कि परियोजना का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनपद सोनभद्र की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था विद्युत पारेषण खण्ड राबर्टसगंज उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड के द्वारा 220 केवी उपकेन्द्र म्योरपुर का निर्माण के प्रगति के बारे में बताया गया कि इस योजनान्तर्गत 04 प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है, कार्य में प्रगति न होने पर मण्डलायुक्त द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि अगले बैठक से पूर्व प्रगति लाए अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अधिशासी अभियंता जल ग्रामीण सोनभद्र के



द्वारा पटवध पेयजल योजना की प्रगति के बारे में बताया गया कि इस योजनान्तर्गत 643 ग्राम पंचायतों में से 203 ग्राम पंचायतो में जलापूर्ति की जा रही है शेष ग्राम पंचायतों में टेस्टिंग का कार्य व कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है निर्देशित किया गया कि कार्य को शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की जा सकें। झीलो बीजपुर पेयजल योजना में कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व बताया गया था कि जुलाई 2025 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा परन्तु अभी तक कार्य पूर्ण न होने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि मजदूरो की संख्या बढ़ाते हुए अगस्त 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बेलाही पेयजल योजना जून 2025 कार्य पूर्ण होना था किन्तु कार्य अभी तक पूर्ण नही हुआ है बताया गया कि 210 ग्राम पंचायतों में से 161 ग्राम पंचायतों कार्य हो रहा है दो टंकियों में से एक टंकी का निर्माण हो चुका है एक का कार्य पूर्ण होने वाला है, मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था यूपीपीएल के द्वारा जनपद सोनभद्र पर्यटन कार्यालय निर्माण के बारे में बताया गया कि निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। कार्यदायी संस्था उप्र आवास विकास परिषद प्रयागराज, यूपी स्टेट कांस्ट्रक्शन इंफ्रास्टक्चर, उप्र राज्य सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड मीरजापुर, लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड सोनभद्र द्वारा कराए जा कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जनपद भदोही की समीक्षा में कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम सोनभद्र इकाई द्वारा न्यायालय भदोही में न्यायिक अधिकारियों के श्रेणी-5 के 18 नग आवास की प्रगति के बारे में बताया गया कि अग्निशमन व विद्युत की अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की प्रक्रिया प्रगति पर जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि एनओसी प्राप्त करते हुए तकनीकी समिति से जांच कराकर हैण्डओवर की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जनपद भदोही के पुलिस लाइन में पुरूषो हेतु 100 क्षमता हास्टल के बैरक निर्माण कार्य के बारे में बताया गया कि अगस्त 2025 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। जिला चिकित्सालय भदोही में 50 बेड क्रिटिकल केयर ब्लाक के निर्माण कार्य के बारे में बताया गया कि दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के द्वारा जद्दूपुर योजना में बताया गया कि कार्य प्रगति पर है फिनिशिंग का कार्य हो रहा है कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ, लोक निर्माण विभाग सिंचाई एवं जल संशाधन विभाग की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि निर्माणधीन कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जनपद मीरजापुर की समीक्षा में कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम शहरी के द्वारा मीरजापुर वाटर सप्लाई बैंलेस हाउस कनेक्शन में बताया गया कि जो कनेक्शन शेष रह गए है उन घरो में कनेक्शन दिया जा रहा है जिस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी सभी में कनेक्शन देते हुए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के द्वारा अतिपिछड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र जनपद मीरजापुर के मड़िहान तहसील में 100 छात्र क्षमता के बालिका छात्रावास निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में कार्यदायी संस्था द्वारा जून 2025 तक कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया था जिस पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अगस्त 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा। तहसील मड़िहान में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र देवरीकला के प्रगति के बारे में बताया गया कि अगस्त 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

# पटरी पर सुरक्षा की ओरः मानव तस्करी के खिलाफ आरपीएफ की अडिग लड़ाई

**यह** 21 जुलाई, 2025 की एक साधारण दोपहर थी, जब नई जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन की भीड़भाड़, गाड़ियों की आवाजाही, उद्घोषणाओं और यात्रियों की भागदौड़ के बीच एक काली हकीकत छिपी हुई थी – मानव तस्करी। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल की महिला उप निरीक्षक सुश्री सारिका कुमारी ने, आरपीएफऔर जीआरपी (सरकारी रेलवे पुलिस) अधिकारियों के साथ मिलकर, तुरंत कार्रवाई की। ट्रेन संख्या 13245 डाउन की कई बोगियों में एक शांत और समन्वित तलाशी शुरू की गई और जो सामने आया, वह चौंकाने वाला था। छप्पन युवा लड़कियाँ, भ्रमित और अपनी यात्रा के उद्देश्य से अनजान, दो व्यक्तियों – जितेंद्र कुमार पासवान और चंद्रिमा कर – के साथ पाई गईं। ये आरोपी दावा कर रहे थे कि वे लड़कियों को बेंगलुरु के मोटर पार्ट्स और मोबाइल फोन कंपनियों में काम दिलाने ले जा रहे हैं। पकड़े जाने से बचने के लिए लड़कियों को अलग-अलग डिब्बों में बिठाया गया था। पूछताछ करने पर लड़कियाँ अपनी यात्रा या रोजगार के बारे में जानकारी नहीं दे सकीं, और यहाँ तक कि उनके माता-पिता भी पूरी तरह अनभिज्ञ थे। उनके कोच और बर्थ नंबर उनकी हथेलियों पर स्याही से लिखे हुए थे – यह इस बात का भयावह प्रमाण था कि यह अपराध कितनी संगठित रूप से किया जा रहा था। तस्कर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके और न ही संतोषजनक उत्तर दे



मनोज यादव
आईपीएस, महानिदेशक
रेलवे सुरक्षा बल

सके। कानूनी प्रावधानों के तहत दोनों को गिरफ्तार किया गया और सत्यापन के बाद लड़कियों को मुक्त कर दिया गया। इस सफलता के पीछे केवल एक टीम नहीं थी, बल्कि एक सतर्क सुरक्षा तंत्र था, जो यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत की विशाल रेलवे नेटवर्क – देश की जीवनरेखा – मानव शोषण का माध्यम न बने। आरपीएफ के लिए यह सेवा का एक और दिन था – निःशब्द और दृढ़ संकल्पित। यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, रेलवे संपत्ति की रक्षा करने और व्यवस्था बनाए रखने जैसी अनेक जिम्मेदारियों के बीच, एक भूमिका ने पिछले दशक में विशेष महत्व प्राप्त किया हैः मानव तस्करी को रोकना। 13,000 ट्रेनों, 7,500 स्टेशनों और प्रतिदिन अनुमानित 2.3 करोड़ यात्रियों के साथ, भारतीय रेल भारत कोने-कोने से जोड़ती है। लेकिन यही सुविधा अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन जाती है – ऐसे तत्व, जो इस सस्ती, सुलभ और गुमनाम यात्रा प्रणाली का दुरुपयोग करके अपने शिकारों को तस्करी के जरिए ले जाते हैं। महिलाएँ और बच्चे, विशेषकर हाशिए पर रहने वाले क्षेत्रों से, झूठे रोजगार, शिक्षा या विवाह के वादों से बहकाकर बाल श्रम, वेश्यावृत्ति और भीख मांगने में धकेल दिए जाते हैं। आरपीएफ इस खतरे से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरी है। खुफिया-आधारित ऑपरेशनों, नागरिक पुलिस, गैर सरकारी संगठनों और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय के माध्यम से, पद्धत्र राष्ट्रीय स्तर पर मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई की प्रमुख भागीदार बन गई है। पुलिसिंग से संरक्षण तकः तस्करी-मुक्त नेटवर्क की दिशा में मानव तस्करी के खिलाफ आरपीएफ की सक्रिय भूमिका रातों-रात नहीं बनी, बल्कि यह रणनीतिक, संगठित और प्रतिबद्ध विकास का परिणाम है। यह बदलाव 2020 में शुरू हुए ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते से प्रारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य उन बच्चों को बचाना था जो खो गए थे, छोड़े गए थे, घर से भाग गए थे या शोषण की स्थिति में फंसे थे। शुरू में बच्चों पर केंद्रित यह अभियान जल्द ही मानव तस्करी के व्यापक जाल को उजागर करने लगा – जिससे महिलाओं और अन्य संवेदनशील वयस्कों को भी बचाने पर ध्यान केंद्रित हुआ। पिछले साढ़े चार वर्षों में इस अभियान ने 64,000 से अधिक बच्चों को बचाया – 43,493 लड़के और 20,411 लड़कियाँ – जिन्हें बाल श्रम, संगठित भीख मांगने और जबरन मजदूरी से निकाला गया।

## ट्रांसफर के बाद भी सुनवाई कर रहे और फैसले भी सुना रहे जज साहब

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट के एक जज का ट्रांसफर होने के बाद भी वे सुनवाई कर रहे हैं। न्यायाधीश तबादले के दो हफ्तों के बाद भी नई अदालत में नहीं पहुंचे हैं। हालांकि, उन्होंने इसकी वजह नहीं बताई है। कोर्ट रजिस्ट्रार ने भी पुष्टि की है कि वह कोर्ट में ही मौजूद हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना हाईकोर्ट के जस्टिस टी विनोद कुमार का सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश के बाद केंद्र सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट ट्रांसफर किया था। शीर्ष न्यायालय की तरफ से 22 जजों की सिफारिश 26 मई को की गई थी, जिसमें से केंद्र ने 14 जुलाई को 19 जजों को लेकर फैसला लिया। खास बात है कि अन्य 18 जज अपनी नई जगहों पर



पहुंच चुके हैं। ट्रांसफर की जानकारी मिलने के बाद किसी न्यायाधीश का पुरानी कोर्ट में ही सुनवाई करना असामान्य है। आमतौर पर जजों को अपने तबादले के बारे में कुछ दिन पहले ही पता लग जाता है और सूचना जारी होने के एक या दो दिन के बाद वह नई जगह चले जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना हाईकोर्ट वेबसाइट का डेटा दिखाता है कि जस्टिस कुमार ट्रांसफर के बाद भी पुरानी कोर्ट में ही केस सुन रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

- सीरीज 5-0 से जीती
- बेन ड्वार्शुइस की शानदार गेंदबाजी




- वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 171 रन का लक्ष्य रखा था
- ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही और टीम ने 25 रन पर 3 विकेट और 60 पर 4 विकेट गंवा दिए थे

एजेंसी

**बासेटेर (सेंट्स किट्स)।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवां और आखिरी टी20 मैच मंगलवार को जीतकर सीरीज 5-0 से क्लीन स्वीप कर ली। गेंदबाज बेन ड्वार्शुइस (3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी और बाद में मिडिल ऑर्डर की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 3 ओवर बाकी रहते हुए 3 विकेट से जीत हासिल की।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 171 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही और टीम ने 25 रन पर 3 विकेट और 60 पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कैमरन ग्रीन (32 रन), टिम डेविड (12 गेंद में 30 रन, 4 छक्के, 1 चौका) और मिशेल ओवेन (37 रन) ने पारी को संभाला। जब ग्रीन आउट हुए, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 141-6 था और उसे अभी 30 रन की जरूरत थी। हालांकि, आरोन हार्डी ने 28 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा, सीरीज शुरू होने से पहले 5-0 की उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमने बेहतरीन क्रिकेट खेला। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने हार की वजह बल्लेबाजी को बताया। उन्होंने कहा, हमने कभी भी पूरी तरह सटीक बल्लेबाजी प्रदर्शन नहीं किया – या तो अच्छी शुरूआत मिली और अंत खराब रहा, या फिर इसके उलट हुआ। इतने मजबूत विपक्ष के सामने आप इस तरह जीत नहीं सकते। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बेन ड्वार्शुइस ने चौथे ओवर में ब्रैंडन किंग (11) और कप्तान शाई होप (9) को आउट कर टीम को शुरूआती बढ़त दिला दी। इसके बाद वेस्टइंडीज का स्कोर 64-4 हो गया था। यहां से शिमरोन हेटमायर ने संघर्ष करते हुए 31 गेंदों में 52 रन बनाए जिसमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल थे। ऐसा लग रहा था कि हेटमायर टीम को एक चुनौतीपूर्ण स्कोर तक ले जाएंगे, लेकिन ड्वार्शुइस ने धीमी बाउंसर पर उन्हें लंबा शॉट खेलने को मजबूर किया और शॉन एबॉट ने लॉन्ग-ऑफ पर कैच लपक लिया।

हेटमायर के आउट होने के बाद वेस्टइंडीज 19.4 ओवर तक 170 पर सिमट गई। मैच के ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्न ड्वार्शुइस ने कहा, ह्नपिच थोड़ी धीमी थी, इसलिए हमने हार्ड लेंथ और स्लोअर बॉल का अच्छा इस्तेमाल किया। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में भी वेस्टइंडीज का 3-0 से सफाया किया था। इस तरह उन्होंने पूरे दौरे पर आठों मैच जीतकर एकतरफा दबदबा कायम रखा।

## खास खबर

### लाखों रुपये की आईपीएल जर्सी हुईं चोरी

**मुंबई।** मुंबई में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक मर्चेंडाइज स्टोर से 6.52 लाख रुपए की 261 आईपीएल जर्सी चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में सबसे चिन्ताजनक बात ये है कि स्टोर के सुरक्षा प्रबंधक फारुख असलम खान के खिलाफ ही चोरी का आरोप लगा है। बीसीसीआई कर्मचारी हेमंग भारत कुमार अमीन ने जर्सी चोरी होने की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी है। अमीन ने आरोप लगाया था कि फारुख ने दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी आईपीएल टीमों की जर्सी चोरी की हैं। पुलिस ने अमीन की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि फारुख पर चोरी का आरोप गंभीर है और जांच में सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। इस घटना के बाद वानखेड़े स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

### अविनाश साबले की हुई एसीएल सर्जरी

**नई दिल्ली।** भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अविनाश साबले ने अपने दाहिने घुटने में एन्टीरियर क्रूशिएट लिगामेंट (एसीएल) और मेनिस्कस की चोट के लिए सफल सर्जरी कराई है। हालांकि उनकी रिकवरी में आमतौर पर 6 से 8 सप्ताह का समय लगता है, जिससे वह 13 से 21 सितंबर के बीच होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भाग ले पाएंगे या नहीं, इस पर संदेह बन गया है। साबले ने यह जानकारी अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में दी और लिखा, ह्मोनाको डायमंड लीग के दौरान मेरे दाहिने घुटने में एसीएल और मेनिस्कस की चोट लग गई थी। यह मेरे लिए एक बड़ा झटका है, लेकिन मैं कड़ी मेहनत कर फिर से मजबूती से वापसी करूंगा। मोनाको में हुए 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में साबले रेस पूरी नहीं कर सके थे। रेस की शुरूआत में वॉटर जंप के दौरान वह गिर पड़े थे और दर्द से जूझते हुए उन्हें रेस छोड़नी पड़ी। उन्हें घुटने के पीछे जांघ के निचले हिस्से को पकड़ते हुए देखा गया था।

### हांगकांग की टीम के कोच बने कौशल सिल्वा

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर कौशल सिल्वा अब हांगकांग की पुरुष क्रिकेट टीम के नया मुख्य कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। हांगकांग क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 को देखते हुए सिल्वा को कोच की जिम्मेदारी दी है। सिल्वा ओपनर और विकेटकीपर रहे हैं। अब वह एशिया कप से पहले हांगकांग की टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए टिप्स देंगे। एशिया कप 2025 में हांगकांग को ग्रुप बी में श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ जगह मिली है। ऐसे में सिल्वा की जिम्मेदारी टीम को इन मुकाबलों के लिए तैयार करना रहेगा। सिल्वा के करियर की बात करें तो उन्होंने 2011 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। वे 7 साल तक श्रीलंका की टेस्ट टीम का हिस्सा रहे। इस दौरान उन्होंने कुल 39 टेस्ट मैच खेले और 74 पारियों में 28.36 की औसत से 2099 रन बनाए।

# महिला कोपा अमेरिका: कोलंबिया ने अर्जेंटीना को 5-4 से हराया

एजेंसी

**क्विटो।** कोलंबिया की महिला फुटबॉल टीम ने रोमांचक सेमीफाइनल में अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही टीम ने 2028 लॉस एंजेलेस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। निर्धारित समय और एक्स्ट्रा टाइम में मुकाबला 0-0 की बराबरी पर छूटा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। कोलंबियाई गोलकीपर कैथरीन तापिया ने अर्जेंटीना की पॉलिना ग्रामालिया का शॉट रोककर टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके बाद मायरा रामिरेज का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और अर्जेंटीना को वापसी का मौका मिल गया। कोलंबिया की वेंडी बोनिला ने छठा पेनल्टी किक गोल में बदलकर दबाव अर्जेंटीना पर डाल दिया। अर्जेंटीना की एलिआना स्टैबिल गोल करने में नाकाम रहीं और उनका शॉट बार से टकरा गया, जिससे अर्जेंटीना टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मैच के बाद गोलकीपर तापिया ने कहा, हम फाइनल में हैं और ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है, यही हमारा लक्ष्य था। अब हम फाइनल के लिए तैयार हैं।



अर्जेंटीना ने शुरूआत में आक्रामक खेल दिखाया। फ्लोरेनसिया बॉनसेगुंडो और यामिला रोड्रिगेज ने कोलंबियाई डिफेंस पर दबाव बनाया, लेकिन तापिया ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल होने से रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से खेल की लय थोड़ी बाधित हुई। कोलंबिया की ओर से रामिरेज, लेइसी सैंटोस और लिंडा कैईसिडो ने गोल के अवसर बनाए, लेकिन उन्हें भुनाया नहीं जा सका।

# इंग्लैंड का दौरा हमेशा ही रोमांचक रहा : गंभीर

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ओवल में 31 जुलाई से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पांवचे टेस्ट मैच से पहले टीम का उत्साह बढ़ाते हुए कहा है कि हमारे पास सीरीज में बराबरी का अंतिम मौक है जिसका लाभ हमें उठाना है। गंभीर ने चौथे टेस्ट में टीम के शानदार प्रदर्शन की जमकर सराहना भी की। मैनचेस्ट में चौथे टेस्ट के अंतिम दिन रविन्द्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शतक लगाकर भारतीय टीम को हार से बचा लिया था। पांचवां टेस्ट खेलेंगे, से पहले भारतीय टीम ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पहुंची। इस दौरान खिलाड़ियों और



सहयोगी स्टाफ की अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात हुई। इसमें सभी ने उन्हें मिले समर्थन के लिए आभार जताया। गंभीर ने इस कार्यक्रम में भारत-इंग्लैंड मुकाबलों के ऐतिहासिक महत्व को भी बताया। गंभीर ने कहा, इंग्लैंड का दौरा हमेशा ही रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों देशों के बीच का क्रिकेट इतिहास बेहद अहम है। हमें हर बार ब्रिटेन दौरे पर आपार समर्थन मिला है। इंग्लैंड ने इस सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से जीता था, जिसके बाद भारतीय टीम ने दूसरे मुकाबले को 336 रन से जीता। वहीं इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट को 22 रन के करीबी अंतर से जीतकर सीरीज में एक बार फिर 2-1 से बढ़त हासिल कर ली जबकि चौथा टेस्ट बराबरी पर रहा। गंभीर ने कहा, पिछले पांच हफ्ते दोनो ही टीमों के लिए बेहद रोमांचक रहे। मेरा मानना है कि जिस तरह का क्रिकेट खेला गया, उसने हर क्रिकेट प्रेमी खुश है। दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल दिखाया।

## झारखंड महिला कबड्डी टीम नेशनल प्रतियोगिता में रही उपविजेता




**रांची।** झारखंड राज्य की महिला कबड्डी टीम 72वीं सीनियर नेशनल प्रतियोगिता चंडीगढ़ 25 से 28 जुलाई 2025 तक आयोजित प्रतियोगिता में उपविजेता रही। जबकि विजेता टीम हरियाणा की हुई। स्नेहा थापा को महिला वर्ग में बेस्ट कैचर का पुरस्कार मिला। झारखंड टीम को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।। टीम की जीत की वधाई पूर्व खेल मंत्री सुदेश कुमार महतो जिला खेल पदाधिकारी रांची शिवेंदु सिंह संघ के सरंक्षक रमेश सिंह अध्यक्ष तपन राउत सचिव संजय झा चंचल भटाचार्य अरुण सिंह राजेश गुप्ता हरीश कुमार एवं राज्य के सभी जिला अध्यक्ष सचिव ने प्रेषित की है।

## महेश तांबे ने बनाया सबसे तेजी से 5 विकेट लेने का रिकार्ड

**मुम्बई।** फिनलैंड की ओर से खेलने वाले भारतीय मूल के महेश तांबे ने एस्टोनिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में तेजी से पांच विकेट लेकर एक नया विश्व रिकार्ड बनाया है। तांबे ने केवल आठ गेंदों में पांच विकेट लेकर सभी को हैरान कर दिया। इससे पहले सबसे तेजी से 5 विकेट लेने का विश्व रिकॉर्ड बहरीन के जुनैद अजीज के नाम था। अजीज ने साल 2022 में जर्मनी के खिलाफ केवल 10 गेंद में ही पांच विकेट लिए थे। फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच खेले गये तीसरे टी20 मैच में एस्टोनियाई टीम 19.4 ओवर में 141 रन ही बना पायी। एस्टोनिया ने इस मैच की शुरूआत में 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे और वह अच्छे स्कोर की ओर बढ़ रहा था पर महेश ने पांच विकेट लेकर उसकी पारी को समेट दिया।

# ओवल में मिल सकता है अभिमन्यु को अवसर

एजेंसी

**इंग्लैंड।** बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को इंग्लैंड दौरे पर अब तक एक भी मैच में अवसर नहीं मिला है। अभिमन्यु पिछले चार साल से टीम के साथ हैं पर उन्हें अब तक डेब्यू का मौका नहीं मिला है जबकि उनका घरेलू क्रिकेट का रिकार्ड अच्छा है। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी अभिमन्यु ने भारत ए टीम की कप्तानी की थी। उसके सामने ही 15 खिलाड़ियों को डेब्यू का अवसर मिल है पर वह बैंच पर ही बैठा अपनी बारी का इंतजार करता रह गय है। इस दौरान तीन कोच और कप्तान तक बदले हैं पर किसी ने भी उसे अवसर नहीं दिया है। वहीं अब 31 जुलाई से ओवल में होने वाले पांचवे व अंतिम टेस्ट में अभिमन्यु को अवसर मिल सकता है। इस मैच



में अगर करुण नायर बाहर रहे तो अभिमन्यु को उनकी जगह मिल सकती है। इस बल्लेबाज ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 27 शतक दर्ज हैं और 7,841 रन बनाये हैं। वहीं 31 अर्धशतक भी उनके नाम हैं। अभिमन्यु ईश्वरन के रिकॉर्ड को देखें तो वह इस सीरीज में डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन के घरेलू रिकॉर्ड से कहीं आगे हैं। सुदर्शन ने अभी तक कुल 30 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 36 की औसत से खेलते हुए 1987 रन बनाए हैं। वहीं, अभिमन्यु का बैटिंग औसत 103 मैच खेलने के बावजूद 54 का है। 51 पारियों में सुदर्शन सिर्फ 7 शतक और 5 अर्धशतक ही लगा सके हैं। अनुभव से लेकर बल्लेबाज रिकॉर्ड तक में अभिमन्यु सुदर्शन से कहीं ज्यादा आगे हैं। वहीं पूर्व क्रिकेटर सबा करीम का ये मानना है कि सुदर्शन सिर्फ इसलिए लाइमलाइट में आ गए, क्योंकि आईपीएल 2025 में उनका प्रदर्शन जोरदार रहा था अब कोई टीम अभिमन्यु को आईपीएल में नहीं लेती तो इसका मतलब ये नहीं कि वो बल्लेबाज खराब है। अभिमन्यु ईश्वरन पिछले लगभग 4 साल से स्क्वॉड में आते हैं और पानी पिलाकर घर लौट जाते हैं। ड्रेसिंग रूम में अभिमन्यु ने समय तो बहुत बिता लिया है, लेकिन टीम इंडिया की जर्सी में खेलने का सपना अब तक साकार नहीं हुआ है। इस क्रिकेटर के सामने ही यशस्वी जायस्वाल रजत पाटीदार, ईशान किशन जैसे युवा बल्लेबाज बल्लेबाजों ने डेब्यू किया है।

# अंतिम टेस्ट में ब्रैडमैन का रिकार्ड तोड़ सकते है शुभमन

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल अब तक इंग्लैंड दौरे पर बेहद सफल रहे हैं। शुभमन ने हर मैच में एक नई उपलब्धि हासिल की है। अब उनके पास ओवल में 31 जुलाई से शुरू हो रहे अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में एक और रिकार्ड अपने नाम करने का अवसर है। शुभमन ने इस सीरीज में अबतक चार शतक लगाने के साथ ही 700 से अधिक रन बनाये हैं। अब उन्हें एक सीरीज में सबसे अधिक रनों का ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन का रिकार्ड तोड़ने के लिए केवल



89 रनों की जरुरत है। शुभमन ने अब तक इस सीरीज में 722 रन बनाये हैं। वहीं ब्रैडमैन ने 88 साल पहले साल 1936/37 की एशेज सीरीज में 810 रन बनाए थे। भारतीय कप्तान 89 बनाते ही एक टेस्ट सीरीज में 811 रन बनाने वाले पहले कप्तान बन जाएंगे। ऐसे में शुभमन जब ओवल में खेलने के लिए उतरेंगे तो उनकी नजरें ब्रैडमैन से आगे निकलने पर रहेंगी। जिस प्रकार का प्रदर्शन उन्होंने तक किया है। उसको देखते हुए क्रिकेट प्रेमियों को पूरी उम्मीद है कि शुभमन सबसे अधिक रनों का रिकार्ड आसानी से बना देंगे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक सिर्फ पांच कप्तान ऐसे रहे हैं जिन्होंने एक टेस्ट सीरीज में 722 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। शुभमन गिल इस लिस्ट में अब छठे पायदान पर हैं, पर वह अंतिम टेस्ट के बाद पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं।

# अंतिम टेस्ट में भी खेलने तैयार हैं स्टोक्स

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स का कहना है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में शुरू हो रहे अंतिम टेस्ट में भी खेलना चाहते हैं। स्टोक्स के अनुसार ये मैच बेहद अहम है, ऐसे में अगर वह पूरी तरह से फिट नहीं भी हुए तो भी खेलेंगे। ये टेस्ट दोनो ही टीमों के लिए बेहद अहम। भारतीय टीम ये मैच जीतकर सीरीज में बराबरी जबकि इंग्लैंड जीत हासिल करना चाहेगी। स्टोक्स ने कहा कि अगले मैच में उन्हें गेंदबाजी आक्रमक में बदलाव करना होगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के




शतकों के बाद चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। मैच के अंतिम दिन स्टोक्स और उनकी टीम एक घंटा पहले मैच समाप्त करना चाहते थे पर भारतीय टीम ने मना कर दिया था। स्टोक्स ने मैनचेस्टर टेस्ट में दर्द के बाद भी 11 ओवर किये थे। उन्होंने कहा ,ह्य मेरे नहीं खेलने की संभावना नहीं के बराबर है। मैं हमेशा ही टीम को अपना सब कुछ देने का प्रयास करूंगा। मेरी चोट अधिक खराब नहीं हुई है और उम्मीद है कि इससे उबरकर अंतिम टेस्ट खेल पाउंगा, जहां तक दर्द की बात है वह होता रहता है। मैंने ऑलराउंडर के तौर पर अपना काम किया है हालांकि इस सप्ताह दबाव ज्यादा रहा। उन्होंने कहा ,ह्यगेंदबाजी करना आसान नहीं है, अभी दर्द है पर मैं प्रयास करता रहूंगा। मैं सभी गेंदबाजों से कहता हूं कि दर्द केवल एक भाव है। स्टोक्स ने इस सीरीज में जमकर गेंदबाजी की है और अभी तक सबसे अधिक 17 विकेट लिए हैं. मैनचेस्टर में उन्होंने पारी में पांच विकेट लेने के अलावा शतक भी लगाया था।

# स्किवर-ब्रंट दोबारा बनीं नंबर 1, हरमनप्रीत, जेमिमा को भी फायदा


आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की कप्तान नट स्किवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के निर्णायक मुकाबले में 98 रनों की अहम पारी खेलने के बाद आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान दोबारा हासिल कर लिया है। डरहम में खेले गए तीसरे मैच में इंग्लैंड भले ही 13 रन से हार गई और भारत ने सीरीज 2-1 से जीत ली, लेकिन स्किवर-ब्रंट की पारी ने उन्हें स्मृति मंधाना से तीन अंकों की बढ़त दिलाते हुए तीसरी बार करियर में नंबर-1 पोजीशन पर पहुंचा दिया। इससे पहले वह जुलाई 2023 से अप्रैल 2024 और जून से दिसंबर 2024 तक टॉप पर रह चुकी हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर,



जिन्होंने निर्णायक मुकाबले में 84 गेंदों पर 102 रन की मैच जिताऊ पारी खेली, वह रैंकिंग में 10 स्थान की छलांग लगाकर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी साथी खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंची हैं, जबकि विकेटकीपर ऋचा घोष नौ पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर आ गई हैं और अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 516 रेटिंग तक पहुंची हैं। आयरलैंड और जिम्बाब्वे के बीच खेली गई दो मैचों की वनडे सीरीज में आयरलैंड की ओरला प्रेंडरगास्ट ह्यप्लेयर ऑफ द सीरीजह्न चुनी गईं। उन्होंने 50 और 67 रन की पारियां खेली और रैंकिंग में 12 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंचीं, जो उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल किया और पहले मैच में 20 रन देकर दो विकेट झटके। इसके दम पर वह गेंदबाजी रैंकिंग में 10 स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर आ गई और ऑलराउंडर की सूची में 13वें से सीधे 10वें स्थान पर पहुंच गईं। आयरलैंड की कप्तान गेबी लुईस एक स्थान ऊपर चढ़कर अब 17वें स्थान पर हैं। वहीं, एमी हंटर दो पायदान ऊपर चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गई हैं। जिम्बाब्वे की कप्तान चिपो मुगेरी-तिरिपानो की 48 और 56 रनों की पारियों ने उन्हें 40वें स्थान और 513 रेटिंग अंकों तक पहुंचाया है। उनकी साथी मोडेस्टर मुपाचिवाना दो पायदान ऊपर 53वें स्थान पर आ गई हैं। डबलिन में खेले गए टी20 सीरीज के दूसरे और तीसरे मुकाबले के नतीजे भी इस रैंकिंग अपडेट में शामिल किए गए हैं। आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को टी20 सीरीज में भी क्लीन स्वीप किया। गेबी लुईस ने दो मैचों में 67 और 87 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब जीता और वह बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की जेमिमा के साथ संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर पहुंच गईं। गेंदबाजी में कारा मरे ने तीन-तीन विकेट झटककर तीन स्थान की छलांग लगाई और 45वें स्थान पर पहुंच गईं। वे सात विकेटों के साथ सीरीज की टॉप विकेटटेकर रहीं।



चीन में ऑस्ट्रेलिया के नील रॉबर्टसन पहले दौर के विश्व स्नूकर शंघाई मास्टर्स में खेलते हुए।







## सऊदी में है दुनिया की सबसे बड़ी कांच की इमारत, गिनीज बुक में दर्ज है नाम, देखते ही चौंधिया जाएंगी आंखें!

दुनिया में एक से एक इमारतें हैं जो अपनी भव्यता और सुंदरता के लिए जानी जाती हैं। हर प्रसिद्ध इमारतों में कुछ न कुछ खास बात होती है। ऐसी ही एक इमारत सऊदी अरब में है जो कि पूरी कांच की बनी है। इस बिल्डिंग का नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। ये दुनिया की सबसे बड़ी कांच की इमारत है। ये इमारत सऊदी अरब के अलउला में स्थित है। इस बिल्डिंग का नाम माराया है। ये एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ दर्पण या प्रतिबिंब होता है। रिपोर्ट के अनुसार, यह इमारत 9,740 ग्लास पैनलों से बनी है, जो इमारत के 105,000 वर्ग फुट को कवर करता है. इस बिल्डिंग को वास्तुशिल्प का चमत्कार कहा जाता है. इसको रेत के टीलों, पहाड़ों को दर्शाते हुए, इसके आसपास के दृश्यों के साथ आसानी से घुलने-मिलने के लिए डिजाइन किया गया है.

### चार मंजिला ऊंची है ये बिल्डिंग

माराया को कॉन्सर्ट हॉल, इवेंट्स स्पेस और मनोरंजन स्थल के रूप में बनाया गया है. कॉन्सर्ट हॉल में 500 सीटें लगी हुई हैं. ऑपनिंग के बाद से, इस बिल्डिंग में एंड्रिया बोसेली, एलिसिया कीज़, अशर, एंगहम और माजिद अल मोहंदिस सहित कई स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकार अपना शो कर चुके हैं. यह बिल्डिंग चार मंजिला ऊंची है, जिसमें एंटरटेनमेंट वेन्यू, इवेंट, कॉन्फ्रेंस और डाइनिंग की सुविधाएं हैं. माराया कॉन्सर्ट हॉल, बड़ा ही अद्भुत बना हुआ है. यह 1777 वर्गमीटर का ऑडिटोरियम है, जिसमें 500 गेस्ट्स के बैठने की क्षमता है. वीआईपी बक्सों में अधिकतम 8 लोग बैठ सकते हैं और उपस्थित लोगों के पास अपना प्राइवेट बटलर होगा, जो प्रोग्राम के दौरान गेस्ट की सेवा करता है. इसके अलावा, कॉन्सर्ट हॉल के भीतर एक रॉयल सुइट भी है, जो रॉयल फैमिली के लोगों के लिए आरक्षित रहता है.



# आकर्षण का केंद्र हैं ये कबाड़खाने, कहीं हैं हजारों प्लेन तो कहीं सैकड़ों कारें

दुनियाभर में यातायात के कई साधन हैं। कोई कार तो कोई ट्रेन, एयरोप्लेन और जहाज का इस्तेमाल आवागमन के लिए करता है। आज जानते हैं दुनिया की कुछ ऐसी जगहों के बारे में, जहां हजारों की संख्या में एयरोप्लेन और सैकड़ों कारें कबाड़ के रूप में पड़ी हुई हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में एक ही जगह डूबे हैं कई जहाज



ब्रिस्बेन शहर से 90 मिनट की दूरी पर टंगालूमा आइलैंड पर करीब 15 जहाज पानी में डूबे हुए हैं। ये जहाज 12 मीटर गहरे पानी में डूबे हैं। इन जहाजों को जहाज 1963 से 1980 के बीच समुद्र में योजना के तहत डुबोया गया है। इन जहाजों को डुबाकर छोटी नावों के लिए ब्रेक वॉल बनाई गई है। अब ये जगह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। टंगालूमा आइलैंड जहाज के मलबे को देखने के लिए स्नॉर्कलिंग टूर चलाता है। इसका एक व्यक्ति का किराया 4 हजार रुपए है। गमों के दिनों में यहां ज्यादा पर्यटक आते हैं।

### चीन में रखी हैं इलेक्ट्रिक कारें



चीन के हांगझू शहर के बाहर खुले मैदान में बहुत सारी इलेक्ट्रिक कारें रखी हुई हैं। इन कारों का नाम लाइफन-333 ईवी है। इन कारों की बिक्री 2015 में शुरू हुई थी। ये कारें एक बार चार्ज होने पर 150 किलोमीटर तक चल सकती थीं। लेकिन 2018 में चीन में एक के बाद एक इलेक्ट्रिक गाड़ियां लॉन्च होने लगीं। लेकिन उस समय लाइफन कंपनी दिवालिया घोषित हो गई थी। तभी से ये कारें इसी तरह मैदान में रखी हुई हैं।

### यहां हैं हजारों एयरोप्लेन और अंतरिक्ष यान

हवाई जहाजों का ये अनोखा कब्रिस्तान अमेरिका के एरिजोना में स्थित है. विमानों के इस कब्रिस्तान को डेविस मोंथान एयरफोर्स बेस के नाम से जाना जाता है. जहाजों के इस कब्रिस्तान में 4400 से भी ज्यादा छोटे और बड़े विमान धूल फांक रहे हैं. ये विमान अब किसी भी प्रकार की सेवाएं देने योग्य नही हैं.

हवाई जहाजों का ये अनोखा कब्रिस्तान अमेरिका के एरिजोना में स्थित है. विमानों के इस कब्रिस्तान को डेविस मोंथान एयरफोर्स बेस के नाम से जाना जाता है. जहाजों के इस कब्रिस्तान में 4400 से भी ज्यादा छोटे और बड़े विमान धूल फांक रहे हैं. ये विमान अब किसी भी प्रकार की सेवाएं देने योग्य नही हैं. दरअसल, डेविस मोंथान में केवल ऐसे जहाज लाकर खड़े किए जाते हैं जिनकी उम्र पूरी हो चुकी है. इसके अलावा यहां खराब हो चुके विमान भी लाकर खड़े किए जाते हैं जो अब किसी भी प्रकार से सेवाएं देने योग्य नहीं होते. जिन जगहों पर ऐसे विमान खड़े किए जाते हैं, उन्हें एयरक्राफ्ट बोनयार्ड कहा जाता है. एरिजोना का डेविस मोंथान भी एक बोनयार्ड ही है.यहां आने वाले विमानों को तोड़कर योग्य पार्ट्स को निकाल लिया जाता है. इसके अलावा जो विमान मरम्मत करने लायक होते हैं, उन्हें ठीक भी किया जाता है. यहां आने वाले विमानों को तोड़कर योग्य पार्ट्स को निकाल लिया जाता है. इसके अलावा जो विमान मरम्मत करने लायक होते हैं, उन्हें ठीक भी किया जाता है. इस बोनयार्ड में नासा द्वारा इस्तेमाल किए गए जहाज भी खड़े हैं. आमतौर पर बोनयार्ड को आम लोगों के लिए बंद रखा जाता है लेकिन डेविस मोंथान को पब्लिक के लिए भी खोला जाता है.





## महिलाओं ने बनाया था इस ब्रिज को,अनोखी वास्तुकला और सुंदरता दोनों ही हैं इसकी पहचान!

**लंदन का मशहूर वाटरलू ब्रिज कई कारणों से जाना जाता है. इसके रोचक एतिहासिक तथ्य, इसका दो बार बनना, अनोखी सुंदरता के तौर पर पहचान, नाम में बदलाव, आदि जैसी कई बाते हैं जिनके लिए इसका जिक्र होता रह है. कहते हैं कि इसे दोबारा बनाना बहुत ही मुश्किल काम था और इसे बनाने में बहुत परेशानियां भी सामने आई थीं.**

लंदन में टेम्स नदी को पार करने वाला एक सड़क और पैदल यातायात पुल है, जो ब्लैकफ्रियर्स ब्रिज और हंगरफ़ोर्ड ब्रिज और गोल्डन जुबली ब्रिज के बीच है. इसका नाम 1815 में वाटरलू की लड़ाई में ब्रिटिश, डच और प्रशिया की जीत की याद में रखा गया है. साधारण सा दिखने वाले इस पुल का ऐतिहासिक महत्व है और कई लिहाज से इसे यादगार माना जाता है. रोचक बात यह है कि शुरू में इस ब्रिज का नाम कुछ और ही था. वेस्टमिंस्टर और ब्लैकफ्रियर्स के बीच टेम्स पर इस पुल की योजना, खुद को स्ट्रैंड ब्रिज कंपनी कहने वाले एक समूह ने रखी थी. तब इसे स्ट्रैंड ब्रिज कहा जा रहा था.

कम लोग जानते हैं कि पहले वाटरलू ब्रिज बनाने का मकसद पुल का उपयोग करने के लिए टोल वसूल कर अपने खर्चों की भरपाई करने का था. लेकिन यह मकसद पूरा नहीं हुआ क्योंकि जिस किसी को भी नदी पार करने की आवश्यकता होती थी, वह नए टोल ब्रिज के दोनों ओर ब्लैकफ्रियर्स या वेस्टमिंस्टर ब्रिज का उपयोग करता था और ये दोनों मुफ़्त थे. इसलिहाज से एक बुरा वित्तीय विचार साबित हुआ. आखिर 1877 में यह टोल मुक्त हो गया.

पहला वाटरलू ब्रिज एक वास्तुशिल्प लिहाज से बहुत ही सुंदर माना जाता था. जॉन रेनी के कॉर्निश ग्रेनाइट के नौ 120 फीट के अर्ध-अण्डाकार मेहराबों के डिजाइन की बहुत तारीफ की गई. इतालवी मूर्तिकार कैनोवा ने इसे दुनिया का सबसे महान पुल卐 कहा था. इस पुल ने बहुत सारी पेंटिंग को प्रेरित किया था ज्यादातर लोग जानते हैं कि वाटरलू ब्रिज को लेडीज़ ब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इसे युद्ध के दौरान ज्यादातर महिला कर्मचारियों ने बनाया था. नए वाटरलू ब्रिज का निर्माण 1939 में शुरू हुआ था, लेकिन कई कारणों से यह धीमा रहा. ऐतिहासिक इंग्लैंड बताता है कि इस पर काम करने वाले 500 पुरुषों में से 1941 तक सिर्फ़ 50 ही उपलब्ध थे. बाद में इसे महिलाओं ने बनाया और आज यह दुनिया का एकमात्र ऐसे पुल के रूप में जाना जाता है जिसे महिलाओं ने बनाया था.

वाटरलू ब्रिज ब्रिटेन की थेम्स नदी का एकमात्र पुल था जो द्वितीय विश्व युद्ध में नष्ट हो गया था.आज नदी को पार करने वाले इस ब्रिज को जाइल्स गिल्बर्ट स्कॉट ने डिजाइन किया था, स्कॉट एक इंजीनियर नहीं थे, और उनके डिजाइन वास्तव में लागू करना बहुत मुश्किल था. लेकिन उन्होंने इसे मैनेज किया, और वाटरलू ब्रिज मध्य लंदन में टेम्स पर पहला कंक्रीट पुल बन गया. पहले पुल की तरह यह भी, अपने सौंदर्य आदि के लिए जाना जाता है. वाटरलू ब्रिज का बाहरी हिस्सा इतना चमकदार और साफ दिखता है, और फिर भी इसका निचला हिस्सा गंदा और काला है. इसका कारण पोर्टलैंड स्टोन है. पोर्टलैंड स्टोन जब भी बारिश होती है, खुद को साफ कर लेता है. इसलिए इसे अलग से साफ करने की जरूरत नहीं पड़ती है. वहीं मूल वाटरलू ब्रिज के टुकड़े अभी भी मौजूद हैं. वाटरलू ब्रिज के खंभे पुराने पुल के ग्रेनाइट से बने हैं.





## ब्रिटेन का यंग म्यूजियम बना दुनिया का सबसे आनंदमय म्यूजियम

पूर्वी लंदन के बंधनल वीन स्थित यंग बी एंड ए ने प्रतिष्ठित म्यूजियम ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। इसके लिए म्यूजियम को 1.3 करोड़ की राशि भी दो गई है। यह प्राइज हर साल कल्पना, नवाचार और उत्कृष्टता के क्षेत्र में कार्य करने वाले म्यूजियम को दिया जाता है। बचपन के नाम से जाना जाने वाले इस संग्रहालय का 139 करोड़ की लागत से नवीनीकरण किया गया था। इसे पिछले स्थल जुलाई में खोला गया। दोबारा खुलने के बाद पहले नी महीनों में संग्रहालय में 590,000 से अधिक आगंतुक पहुंचे हैं। 0 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए तैयार किए गए इस संग्रहालय में 2300 ईसा पूर्व से लेकर आज तक की 2,000 से ज्यादा वस्तुए प्रदर्शित हैं, जिन्हें तीन गैलेरी खेल, कल्पना और डिजाइन में प्रदर्शित किया गया है। म्यूजियम में एक ओपन डिजाइन स्टूडियो भी बनाया गया है। इसके अलावा बच्चों के लिए एक गेम डिजाइन स्थान और एक इंटरेक्टिव मानक्राफ्ट इंस्टॉलेशन को शामिल किया गया है।







**मनाली-लेह मार्ग पर 16616 फीट की ऊंचाई पर स्थित लचुलुंगला के पास 22 मोड़ से गुजरने वाला हर वाहन चालक यहां के भूत मंदिर में पानी की एक बोतल जरूर चढ़ाता है। जो लोग पानी की बोतल नहीं चढ़ाते, उनके साथ अनहोनी हो जाती है। ऐसा हम नहीं गांव के लोग बताते हैं।**

# यहां भूत मांगता है मिनरल वॉटर नहीं दिया तो..

इस जगह पर एक युवक की आत्मा दिन रात भटकती रहती है। यह आने जाने वाले हर वाहन चालक से बस पानी मांगती है। ऐसे दर्जनों लोग हैं जो इस आवाज को सुन भी चुके हैं। बिना पानी की बोतल चढ़ाए कोई यहां से आगे नहीं बढ़ता। लोग कहते हैं भूत इस मंदिर में मिनरल वाटर पीता है। बताया जाता है कि आठ वर्ष पहले एक ड्राइवर-कंडक्टर ट्रक लेकर लेह जा रहे थे। सरचू से तकरीबन 35 किलोमीटर लचुलुंगला के पास 22 मोड़ में वाहन गिर गया। कंडक्टर उसकी चपेट में आ गया। उधर, ड्राइवर घायल कंडक्टर को छोड़कर भाग गया। वहीं, कुछ लोग बताते हैं कि यह ड्राइवर दूर गांव में मदद के लिए गया मगर वापस लौटते काफी देर हो गई। उसी रात वहां से गुजर रहे एक अन्य ड्राइवर ने घायल कंडक्टर को देखा तो वह पानी के लिए चिल्ला रहा था।

जब तक वह पानी लाता उसकी मौत हो चुकी थी। बिना खाना पानी के उसे दर्दनाक मौत मिली थी। इसके बाद ही उसकी आत्मा यहां भटकने लगी। यहां से गुजरने वाले हर ड्राइवर-कंडक्टर को उसकी रूह का आभास होता और पानी-पानी चिल्लाने की आवाज सुनाई देती है। बताया जाता है कि कंडक्टर की लाश को यहीं पर दफना दिया था। इसके बाद ही यहां अचानक डरावनी घटनाएं घटने लगी। आते जाते ड्राइवरों को एक लड़के की आत्मा डराने लगी। यह लड़का भी लोगों को दिखने लगा था। यह आते जाते ड्राइवरों से खाने के लिए सामान मांगता था। जो लोग उसे यह नहीं देते थे वह किसी न किसी हादसे का शिकार होने लगे। बाद में यहां पर मंदिर बना लिया गया।

लाहौल के वयोवृद्ध इतिहासकार छेरिंग दोरजे ने बताया कि यह बात दस साल पहले की है। ट्रक ड्राइवर सुरेंद्र कुमार, राजू राम, नंद किशोर और भागसेन ने बताया कि उस मार्ग से गुजरते समय ड्राइवर-कंडक्टर वहां आत्मा के लिए पानी की बोतल छोड़ते हैं। एसआरटीसी केलांग डिपो के चालक रमेश लाल ने बताया कि कई ड्राइवर उन्हें बता चुके हैं उन्होंने उस आत्मा की चीख सुनी है जो पानी मांगती है। डर से ही सही यहां ड्राइवर पानी की बोतलें छोड़ते हैं।



## खोसला का घोसला 2 में लीड एक्ट्रेस होंगी हुमा कुरैशी

साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म खोसला का घोसला बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही थी। दिबाकर बैनर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी, विजय पाठक, रणवीर शौरी और प्रवीण डबास ने अहम भूमिका निभाई थी। डार्क कॉमेडी वाली यह फिल्म कल्ट बन गई थी। बताया जाता है कि अब इस फिल्म का सीक्वल बनेगा।

### खोसला का घोसला 2 की स्क्रिप्ट तैयार हुई

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्देशक उमेश बिष्ट और उनकी टीम ने एक स्क्रिप्ट तैयार की है जो खोसला का घोसला को आगे बढ़ाएगी। खबर यह भी है कि स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो चुका है और फिल्म के लिए कास्टिंग शुरू हो गई है।

### हुमा कुरैशी होंगी खोसला का घोसला 2 का हिस्सा

बताया जाता है कि हुमा कुरैशी खोसला का घोसला 2 में अहम किरदार निभाएंगी। उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी है और उन्हें इसकी कहानी पसंद आई है। इस तरह से हुमा कुरैशी के हाथ में अब दूसरी फिल्म है। पहले से ही हुमा कुरैशी जॉली एलएलबी 3 में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा हुमा महारानी के चौथे सीजन में काम करेंगी। हुमा कुरैशी टॉक्सिक में काम कर रही हैं इन सब के अलावा हुमा कुरैशी अपकमिंग फिल्म टॉक्सिक में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल ईद (2026) पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में यश, नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया और अक्षय ओबेरॉय होंगे। दर्शकों को खोसला का घोसला 2 से उम्मीदें बताया जाता है कि खोसला का घोसला 2 की टीम इस साल नवंबर से फिल्म पर काम शुरू कर सकती है। चूंकि फिल्म 2026 में रिलीज होगी, इसलिए मेकर्स के पास इस पर काम करने का अच्छा वक्त होगा। पहले पार्ट की तरह इस फिल्म से भी काफी उम्मीदें हैं।




## 'बॉर्डर 2' में मेधा राणा होंगी वरुण धवन की हीरोइन

फ्राइडे नाइट प्लान, इश्क इन द एयर, डांसिंग ऑन द ग्रेव, और लंदन फाइल्स में अपने दमदार अभिनय से सबकों चौंकाने वाली अभिनेत्री मेधा राणा बॉर्डर 2 में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी। मेधा के चुनाव को लेकर निर्माता भूषण कुमार ने कहा, हमारे लिए किसी ऐसी अभिनेत्री को ढूंढना बेहद जरूरी था जो स्वाभाविक रूप से उस क्षेत्र की भाषा, भाव, और असली माहौल को फिल्म में सही तरीके से दिखा सके। मेधा ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया, खासकर क्षेत्र की बोली, बोलने के तरीके, और अभिनय में भावों की गहराई ने सभी को चौंका दिया। हमें पूरा विश्वास है कि मेधा इस रोल में बिल्कुल परफेक्ट है।

बता दें कि मेधा सैन्य परिवार से आती है। प्रोड्यूसर निधि दत्त ने कहा कि बॉर्डर 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक भावना है। इसमें गहरा एहसास और अटूट जज्बा है। मेधा को कास्ट करने के बारे में उन्होंने कहा, फिल्म में डायरेक्टर से लेकर सभी कलाकारों का चुनाव इस वजह से किया गया है ताकि एक ऐसी कहानी दिखाई जा सके जो सच्ची और प्रेरणादायक लगे। मेधा राणा और वरुण धवन साथ मिलकर फिल्म में एक नई ताजगी लाएंगे; यह जोड़ी कहानी को खूबसूरत बना देगी। फिल्म बॉर्डर 2 के निर्देशक अनुराग सिंह हैं और इसका निर्माण गुलशन कुमार और टी-सीरीज के



बैनर तले हो रहा है। बॉर्डर 2 जेपी दत्ता की 1997 की ब्लॉकबस्टर बॉर्डर का सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित फिल्म थी। उसमें सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी, पुनीत इस्सर, कुलभूषण खरबंदा, तब्बू, राखी गुलजार, पूजा भट्ट और शरबानी मुखर्जी लीड रोल में थे। वहीं बॉर्डर 2 में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी हैं। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## अलग तरह का काम करना चाहते हैं रणदीप, अगली फिल्म को लेकर दी जानकारी

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा अपनी अलग तरह की अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में फिल्म जाट में नजर आने वाले अभिनेता रणदीप हुड्डा ने इस बात का इजहार किया है कि वह ऐसी फिल्म करना चहते हैं जो उनके पेट में आग लगा दे, जिससे उनकी काम करने की इच्छा जाग जाए।

अगली फिल्म करने को लेकर पेट में जलती है आग अभिनेता ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्मों के बारे में बताया। उनके मुताबिक उनकी कुछ फिल्मों पर काम हो रहा है। एएनआई से बात करते हुए रणदीप हुड्डा ने कहा हम इस वक्त ऐसी जगह पर हैं, जहां पर हमें चुनना है। और यही वह चीज है, जो मेरे पेट में अगली फिल्म करने की आग बढ़ाती है।

### ऑपरेशन खुकरी में नजर आएंगे रणदीप

आपको बता दें कि रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ऑपरेशन खुकरी में काम कर रहे हैं। यह फिल्म असली घटना पर आधारित है। साल 2000 में 233 भारतीय सैनिकों को बंधक बना लिया गया था। इन लोगों को ऑपरेशन खुकरी के तहत बचाया गया था। यह बहुत जोखिम भरा अभियान था।

### फिल्म बनाने के लिए अधिकार हासिल किए

फिल्म में रणदीप हुड्डा मेजर जेनेरल पाल पुनिया के किरदार में नजर आएंगे। पाल पुनिया 14वीं मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री के कमांडर थे। उन्होंने इस अभियान में समझौता कराने में अहम किरदार निभाया था। इस साल के शुरुआत में, रणदीप हुड्डा और राहुल मित्रा फिल्म्स ने इस घटना पर फिल्म बनाने के लिए अधिकार हासिल किए थे।

### रणदीप मैचबॉक्स का होंगे हिस्सा

रणदीप जल्द ही अभिनेता जॉन सीना के साथ एक्शन-थ्रिलर फिल्म मैचबॉक्स में नजर आएंगे। यह फिल्म बचपन के दोस्तों के एक ग्रुप की कहानी दिखाएगी। यह लोग दुनिया को एक बड़ी तबाही से रोकेंगे।

## किंगडम में विजय देवरकोंडा की एक्टिंग पर रश्मिका मंदाना हुईं कायल

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने खास दोस्त विजय देवरकोंडा की अपकमिंग एक्शन फिल्म किंगडम में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह 31 जुलाई को सिनेमाघरों में एक्शन फिल्म किंगडम को देखने के लिए दिन गिन रही हैं। विजय देवरकोंडा की अभिनय की प्रशंसा करते हुए रश्मिका ने कहा कि वह उनकी आधी प्रतिभा भी हासिल करना चाहती हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म के ट्रेलर का वीडियो पोस्ट कर लिखा, वाह! क्या ट्रेलर है! गजब! इस शानदार ट्रेलर को देखने के बाद 4 दिन और इंतजार करना पड़ रहा है। ये तो नाइंसाफी है! विजय देवरकोंडा मैं हमेशा कहती हूं कि आप अलग हो! मैं चाहती हूं कि मैं अपना अभिनय इतना अच्छा कर लूं, कि आपके अभिनय के 50त्न तक पहुंच सकूं। किंगडम के निर्देशक और संगीतकार की तारीफ करते हुए रश्मिका ने कहा, गौतम नायडू और अनिरुध आप दोनों जीनियस हैं। मैं आपकी फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर सकती, ये देखने के लिए कि आप दोनों ने मिलकर फिल्म कैसी बनाई है। भाग्यश्री आपको भी ढेर सारी शुभकामनाएं क्यूटी। मैं 31 तारीख को थिएटर में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म किंगडम का ट्रेलर पोस्ट किया। इसे अभिनेत्री ने कैप्शन दिया, अब 31 तारीख का इंतजार नहीं हो रहा! ट्रेलर में विजय का अभिनय बेहद शानदार है। आप तीनों जीनियस! मैं बहुत उत्सुक हूं। ये देखने के लिए कि आप लोगों ने मिलकर क्या बनाया है। गौतम नायडू, अनिरुध बेसब्री से इंतजार है।



## दिलजीत दोसांझ ने बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर दी बड़ी अपडेट

अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह काफी खुश नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह लोगों को मिठाई खिला रहे हैं। कई यूजर्स ने इस वीडियो पर कमेंट किए हैं। दरअसल दिलजीत दोसांझ की अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी हो गई है। इसीलिए वह जश्न मना रहे हैं। दिलजीत दोसांझ ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपने साथियों और दोस्तों को मिठाई खिला रहे हैं और जश्न मना रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए दिलजीत दोसांझ ने इसके कैप्शन में लिखा बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है। करण इस फिल्म में शहीद निर्मल जीत सिंह की भूमिका निभाएंगे। इस पोस्ट पर वरुण धवन ने कमेंट में लिखा है पा जी एक शॉट बाकी है। अनुराग पाक बुला रहे हैं। एक और यूजर ने लिखा है दिल जीत लिया आपने। इससे पहले इस फिल्म में अभिनय कर रहे अहान शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर जानकारी दी थी कि उन्होंने पुणे में होने वाली शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने अपने साथियों की तस्वीरें भी शेयर की थीं। वरुण धवन ने भी जानकारी दी थी कि उन्होंने पुणे में एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके बाद उन्होंने चाय और बिस्कुट के साथ सेलिब्रेट किया था।






## सन ऑफ... 2 में दिखेगा क्रॉस-बॉर्डर का अहम मुद्दा

अजय देवगन की इस साल की तीसरी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 जल्द ही रिलीज होने जा रही है। फिल्म में टीटो की अहम भूमिका निभा रहे विंदू दारा सिंह का कहना है कि यह फिल्म सिर्फ एक कॉमेडी एंटरटेनर नहीं, बल्कि शांति, भाईचारे और इंसानियत का बड़ा संदेश देने वाली कहानी भी है। फिल्म में इंडिया-पाकिस्तान के मौजूदा हालातों पर व्यंग्यात्मक अंदाज देखने को मिलेगा। इसमें पाकिस्तान पर सटायर है लेकिन पहली बार ऐसा है कि वहां के दर्शक भी कहेंगे-चलो ठीक है, इन्होंने हमारी घोर बेईज्जती नहीं की।

बकौल विंदू... फिल्म में अजय के साथ संजय मिश्रा, रवि किशन जैसे कलाकार भी दिखेंगे। हालांकि, मुकुल देव अब हमारे बीच नहीं रहे और संजय दत्त वीजा समस्याओं के कारण फिल्म का हिस्सा नहीं बन पाए थे पर संजू बाबा जैसा कोई नहीं हो सकता। यहां रवि किशन भैया राजा के रोल में धमाल मचाने वाले हैं। फिल्म का एक बड़ा पहलू पंजाब से माइग्रेशन की कहानी है। जो लोग विदेशों में बसने का सपना देखते हैं, उनके संघर्ष को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया गया है। ये डबल मीनिंग चुटकुलों वाली फिल्म नहीं है। 4 साल के बच्चे से लेकर 90 साल के बुजुर्ग तक, हर कोई इसे फैमिली के साथ देख सकेगा।

### फिल्म के असली हीरो राइटर हैं

फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है, जो पंजाबी सिनेमा का बड़ा नाम हैं। उनका नाम अजय को उनकी करीब सिनेमेटोग्राफर असीम बजाज ने सुझाया था। लेखक जगदीप सिद्ध के बारे में भी बिंदू ने बताया कि वहीं फिल्म के असली हीरो हैं। पंजाब के टॉप कॉमेडी राइटर हैं और अब बॉलीवुड में भी धूम मचाने वाले हैं। बेसिकली ये कहानी एक ऐसे इंसान की कहानी है, जो लोगों को हेल्प करने की कोशिश करता रहता है लेकिन उसमें उलझता जाता है, फंसता जाता है। ये भाईचारे की भी कहानी है। सिखाती है कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई हम सब एक हैं।

### अलग-अलग लोकेशन पर 45-50 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

बिंदू ये भी बताते हैं कि इस फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से इंग्लैंड में नहीं हुई है, बल्कि स्कॉटलैंड, इंडिया (पंजाब) और बॉम्बे में भी हुई है। टोटल कुछ 30-35 दिन स्कॉटलैंड में, टिलैंड में, 10 दिन पंजाब और 5 दिन मुंबई में हुई। सभी कलाकार एक फैमिली की तरह शूटिंग करते थे। अजय ऐसे प्रोड्यूसर हैं कि वो कोई चीज की कमी नहीं छोड़ते। पहले वो मजाक बहुत करता थे, सन ऑफ सरदार के समय पर आजकल वो मजाक कम करते हैं लेकिन साथ में बैठते हैं। अजय के सेट की खास बात है। वह अपनी हर फिल्म में जहां भी शूट करने जाते हैं, वहां भगवान शिव जी का मंदिर साथ ले जाते हैं।



# एकलव्य की खोज : वंचित बच्चों की प्रतिभा को मंच देने की अनूठी पहल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-6 स्थित एनईए ऑडिटोरियम में 'एकलव्य की खोज' नामक एक प्रेरणादायक और भावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवरत्न फाउंडेशन्स (रजि.) और दिव्य तरंग एजुकेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन का उद्देश्य वंचित और संसाधनविहीन पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को समाज के समक्ष लाना था।

इस आयोजन में बच्चों ने अपने भीतर छिपी कला, आत्मविश्वास और जुनून का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से न केवल मंच को जीवंत किया बल्कि यह सिद्ध कर दिया कि यदि उन्हें अवसर दिया जाए तो वे भी समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं। भाषण, गायन और नृत्य जैसी विविध विधाओं में हुई प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और लोककथाओं को अपने अंदाज़ में प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका में भाषण कला के लिए प्रदीप शर्मा, गायन के लिए दीपक नायडू और नृत्य के लिए डॉ.कल्पना भूषण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को 'सर्वोत्तम एकलव्य' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भाषण में मास्टर आयुष, गायन में कुमारी नेहा कामत और नृत्य में कुमारी खुशबू को इस सम्मान से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त 18 बच्चों को 'अति उत्तम एकलव्य' पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत और लगन को सराहा गया।

कार्यक्रम को लेकर डॉ. अशोक श्रीवास्तव (अध्यक्ष, नवरत्न फाउंडेशन्स) ने कहा कि हमारे हिंदुस्तान के हर बच्चे में एक एकलव्य छिपा होता है, ज़रूरत बस उसे पहचानने और अवसर देने की है। हमारी कोशिश है कि वंचित वर्ग के बच्चों की प्रतिभा समाज के सामने आए और वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें।

कार्यक्रम में विक्की यादव, ए वी मुरलीधरन, नीतू भंडारी, ममता अधिकारी एवं अंशुमाली सिन्हा, विपिन मल्हन, डॉ. पीयूष द्विवेदी, करुणेश शर्मा, उपदेश भारद्वाज, विनोद मिश्रा, पद्मा, वर्षा श्रीवास्तव, अरविन्द श्रीवास्तव, अनुरंजन, रजनी कटारिया, जयंती अय्यंगर, त्रिलोक शर्मा, मंजू सूद, अविनाश सिंह, मनीष गुप्ता, राजीव अजमानी, मुकुल बाजपाई, डॉ. संजय लाभ, संजय सिन्हा, यतेन्द्र विज, ऋतु सिन्हा, कर्नल अमिताभ अमित, अलोक कुमार, डॉ, बबिता शर्मा, प्रवीण राजपूत, ज्योत्स्ना, शमा राजपूत, लायन यु.एन. मल्लिक, सुभाष शर्मा, आर.के. शर्मा आदि ने शिरकत की।

# उप्र युवा व्यापार मंडल ने गर्मजोशी से दी डीएम को दी विदाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा को सेक्टर-27 जिलाधिकारी निवास स्थान पर विदाई समारोह में मिलकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विकास जैन ने विदाई गीत के साथ जिलाधिकारी मनीष शर्मा को एक प्यार भरा पैग़ाम दिया।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा से कहा कि आप हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने व्यापार मंडल का पटका और पवित्र ग्रंथ गीता के द्वारा जिलाधिकारी को विदाई समारोह में भेट दी।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश चेयरमैन नवदीप गुप्ता ने खाटू वाले श्याम बाबा की प्रतिमा के साथ जिलाधिकारी को भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रदेश सचिव शिवा चौहान ने मनीष वर्मा को शाल दी।

इस दौरान उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रवीन गर्ग, प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अंकुर बंसल, उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्ति सिंह, प्रदेश सचिव अमित गोयल, मनीष शर्मा, क्रॉकरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश जिंदल, मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता व अन्य पदाधिकारी सम्मलित हुए।





# सीईओ से मिले किसान नेता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान परिषद के प्रतिनिधिमंडल की बैठक मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, ओएसडी क्रांति शेखर एवं डीजीएम विजय रावल के साथ सैक्टर-29 नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के दफ्तर में हुई। बैठक में किसानों की आबादी के पूर्ण निस्तारण में सम्मिलित 5क के बाद 5ख व 5ग कर किसानों के नाम खतौनी में दाखिल करने का मुद्दा उठाया गया, जिस पर प्रक्रिया देते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा नए जिला अधिकारी के स्तर से हस्ताक्षर कराकर प्रकरण को एक माह के भीतर निस्तारित करने का वादा किया। दूसरा मुद्दा नियोजन विभाग में लंबित विकसित भूखंडों को सेक्टर 146 में नियोजित कर आवंटन पत्र जारी करने का मुद्दा उठाया गया, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा मानचित्र को तैयार किया जा चुका है। किसानों का सबसे अहम मुद्दा हाई पावर कमेटी की सिफारिश को लागू करने की बात कही गई। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा जल्द ही प्रमुख सचिव औद्योगिक से वार्ता कर कर गवर्नमेंट आर्डर जारी करवाने का वादा किया गया।

# ग्रेटर नोएडा को हराभरा बनाने के लिए पौधारोपण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पौधरोपण अभियान जारी है। मंगलवार को 105 मीटर रोड पर उद्यान विभाग की टीम ने पौधे लगाए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और ओएसडी गिरीश कुमार झा ने ऐक्टिव सिटीजन टीम व कुछ अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण किया। 105 मीटर रोड पर विप्रो के पास रोड के दोनों साइड और सेंट्रल वर्ज पर टैबेबुइया रोजिया (बसंत रानी) प्रजाति के लगभग 500 पौधे रोपित किए गए। टैबेबुइया रोजिया के पौधों में बसंत माह में गुलाबी फूल खिलते हैं। ये देखने में अत्यंत खूबसूरत लगते हैं।



एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि ग्रेटर नोएडा को हरा-भरा बनाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से पौधरोपण आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने निवासियों से पौधे लगाकर ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की अपील की।

पौधरोपण के दौरान उद्यान विभाग के उप महाप्रबंधक संजय कुमार जैन, वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र, सहायक निदेशक नथोली सिंह, सहायक निदेशक उद्यान बुद्ध विलास, मैनेजर प्रशांत समाधिया, मैनेजर मिथलेश कुमार, ऐक्टिव सिटीजन टीम के सदस्य सरदार मंजीत सिंह, हरेंद्र भाटी और आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# माता की चौकी में सांसद समेत सैकड़ों हुए शामिल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हर वर्ष की भांति इस साल भी सावन में अग्रवाल मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष संजय कुमार गोयल, वैश्य समाज महिला उत्तर प्रदेश गौतमबुद्धनगर की जिला अध्यक्ष सविता गोयल, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री तुषार गोयल द्वारा धूमधाम के साथ माता की चौकी व बाबा के गुणगान का आयोजन सेक्टर-19 स्थित कम्युनिटी सेंटर में किया गया।

इस आयोजन में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, नोएडा विधायक के भाई अनिल सिंह, अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम के पुत्र शिवा गौतम, शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा, नोएडा की पूर्व विधायक विमला बाथम, भाजपा के महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता, फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, NEA अध्यक्ष विपिन मल्हन, वैश्य समाज महिला उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष लीना सिंघल, आशीष सिंघल, राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता, पूर्व राज्य मंत्री अनीता अग्रवाल,सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक गणेश जाटव, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, डीडी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एनपी सिंह, भारत विकास परिषद अध्यक्ष देवेंद्र गंगल, अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, लायन क्लब के अध्यक्ष विकास बंसल, अग्रावि नवयुग मंडल के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल, डी.एस.पी सुरेश गुप्ता,इस्कॉन वंशीधर प्रभु,हनुमान मंदिर सेक्टर 20 विनय गुप्ता संदीप पौडवाल, सावर मल गोयल गुरु जी पंडित जयराम शास्त्री, साध्वी कृष्णा शर्मा,पूर्व मुख्य कार्यपालक पी के डॉ डीके गुप्ता, राजीव त्यागी, पीयूष द्विवेदी ,टी एन गोविल,अशोक चौहान,,योगेन्द्र चौधरी, महेश अवाना, पूनम सिंह, डिंपल आनंद, विनोद शर्मा,धर्मेंद्र चौहान त्रिलोक शर्मा, मनीष शर्मा, मानसिंह चौहान, करतार सिंह राकेश यादव, आश्रय गुप्ता,जगत चौ. रघुवेंद दुबे, पुरुषोत्तम नागर, सत्येंद्र शर्मा, मुकेश यादव, उत्तम नागर, विक्रम चौधरी, रामकुमार शर्मा, विनय अग्रवाल, विजय सोनी, सुनील चौधरी, धर्मेंद्र गुप्ता, एड गौरव सिंघल, मूल चंद अवाना, भूपेश चौधरी, चमन अवाना, अरुण चौहान, सतपाल यादव, ष्ड्ड विकास अग्रवाल, भीष्म यादव, रामकिशन यादव नीरज चौ. एस आन खान शशिधर उपाध्याय पी सी पंचोली महेंद्र कटारिया, गोपाल गौड़ दीपक शर्मा, सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं के पदाधिकारी बाबा के दरबार में उपस्थित रहे।



माता की चौकी व बाबा के भजनों का गुणगान दोपहर 12 बजे से लेकर देर रात्रि तक चलता रहा। इस अवसर पर भानु प्रकाश अग्रवाल, हरप्रकाश गोयल,सुशील गोयल, विजय गोयल, रवि गोयल, विष्णु गोयल, भानु सिंघल, कारण गुप्ता, राजेंद्र जैन, मुकेश गुप्ता , सुशील सिंघल, अनुज गुप्ता संदीप अग्रवाल, अशोक गोयल, सुनील गुप्ता, श्रीकांत बंसल, राधा कृष्ण गर्ग, रामनिवास बंसल, सुरेश गुप्ता, जे म ,गुप्ता, , मदन गोपाल गुप्ता, राजीव अग्रवाल, मोहनलाल गुप्ता,सत्यनारायण गोयल ,मनोज गोयल,विपिन अग्रवाल, मूलचंद गुप्ता, सीए महेश बाबू गुप्ता, राधे श्याम गोयल ,निशांत गर्ग,अल्पेश गर्ग, राजीव अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता , दिनेश माहेश्वरी ,सी ए राजीव गोयल ,पंकज जिंदल ,पुनीत गर्ग, रामरतन शर्मा, सौरव डायमंड, विकास जैन, एन के अग्रवाल ,विनय शर्मा, अतुल वर्मा, केशव गंगल ,हरीश वर्मा, भीकम च गोयल आदि मौजदू रहे।

# युद्ध में हुए नुकसान को कोई देश नहीं बताताः डॉ. कपूर

## एमिटी विश्वविद्यालय में डीआईएलए-2025 का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 द्वारा एमिटी विश्वविद्यालय में



"नव युवा, नव सोच नव दिशा" विषय पर डिस्ट्रिक्ट इंटरेक्शन लीडरशिप असेंबली "डीआईएलए 2025" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में दिल्ली, नोएडा, गुडगांव, सोनीपत के 58 विद्यालयों के लगभग 500 से अधिक छात्रों सहित शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया।

डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटेरियन श्रीमती अमिता महेन्द्रू ने कहा कि इस डीआईएलए 2025 कार्यक्रम में हमारे सामने छात्रों के रूप में देश का कल का सुनहरा भविष्य दिख रहा है। युवा इंटरैक्टर, रोटरी और राष्ट्र का भविष्य है। आपकी विशेषज्ञता और कौशल से हमें भी आपसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। आप केवल एक क्लब नही बल्कि भविष्य की उम्मीद है और आपके कार्य केवल आपके शब्दों में ही नही बल्कि आपके अभियानों में भी दिखने चाहिए। आपके द्वारा किया गया एक छोटा से अच्छा कार्य बृहद परिवर्तन लायेगा।

डिस्ट्रिक्ट इंटरेक्शन लीडरशिप असेंबली चेयर रोटेरियन अजय चौहान ने कहा कि रोटरी हमारी भावी पीढ़ियों को समाज में नेतृत्वकारी भूमिकांए निभाने में सहायता करता है और युवाओं की क्षमता का जश्न मनाने के लिए डिस्ट्रिक्ट इंटरेक्शन लीडरशिप असेंबली डीआईएलए 2025 का आयोजन किया गया। युवाओं पर समाज एवं देश की चुनौतियों से निपटने की जिम्मेदार बनती है। रोटरी आपको अपने लक्ष्य को हासिल करने में आपके नेतृत्व के गुणों को निखारने में सहायता करती है।

एयर मार्शल (रिटार्यड) डा संजीव कपूर ने दिव्या देशमुख, काम्या कार्तिकेयन, आदि का उदाहरण देते हुए कहा कि इन युवा ने देश का नाम रौशन किया है। परमवीर च्रक से सम्मानित अरूण खेत्रपाल और जाने कितने सैनिकों ने अपने देश के लिए कुर्बानी दी है। जनरल बिपिन रावत और रतन टाटा की अंतिम यात्रा में लाखों लोग शामिल हुए जो उनसे कभी नही मिले। आपकों भी इनकी तरह नेतृत्वकर्ता बनना है। जब कोई इस भाव से आपके नेतृत्व को स्वीकार करता है तभी आप सच्चे नेता बनते है।

'ऑपरेशन सिंदूर' पर छात्रों के सवालों के जवाब देते हुए एयर मार्शल डा कपूर ने कहा कि हमने उनके चीनी और पश्चिमी तकनीकी के जहाजों को नष्ट किया, लेकिन वो इसे कभी स्वीकार नही करेगें। युद्ध में हुए नुकसान को कोई भी देश नही बताता।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट इंटरेक्ट चेयर श्रीमती रचना सिंह ने सभी का स्वागत किया।

डिस्ट्रिक्ट इंटरेक्शन लीडरशिप असेंबली में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर रोटेरियन श्री सचिन वत्स डिस्ट्रिक्ट इंटरेक्ट रिप्रेजेंटेटिव सुश्री इशिका द्विवेदी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।



